वैशाख कृष्णा - 9 ▪ संवत 2081 ▪ वर्ष - 19 ▪ अंक - 274 ▪ पृष्ठ - 8 ▪ रु. 5/- बेंगलूरु » गुरुवार » 02-05-2024 ▪ www.dakshinbharat.com ▪ Email : news@dakshinbharat.com



# दक्षिण भारत राष्ट्रमत

ದಕ್ಷಿಣ ಭಾರತ ರಾಷ್ಟ್ರಮತ | ಹಿಂದಿ ದಿನ ಪತ್ರಿಕೆ | बेंगलूरु और चेन्नई से एक साथ प्रकाशित



5 कांग्रेस 'दिशाहीन' और 'नेतृत्व विहीन' दल : योगी

6 भारत एवं कनाडा के रिश्ते खतरनाक मोड़ पर

7 प्रशांत वर्मा की 'राक्षस' में काम करेगे रणवीर सिंह !

## फर्स्ट टेक

### मिसाइल आधारित स्मार्ट टारपीडो का सफल परीक्षण

**नई दिल्ली/एजेन्सी।** रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन(डीआरडीओ) ने नई पीढ़ी की मिसाइल आधारित हल्की टारपीडो प्रणाली स्मार्ट का बुधवार को सफल परीक्षण किया। ओड़िशा के तटीय क्षेत्र में डॉक्टर एपीजे अब्दुल कलाम द्वीप से किए गए इस परीक्षण से नौसेना की पनडुब्बी रोधी मारक क्षमता में इजाफा होगा और अब नौसेना पारंपरिक रेंज से अधिक दूरी तक मार करने में सक्षम होगी।इस प्रणाली का डिजाइन और विकास डीआरडीओ ने किया है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इस प्रणाली के सफल परीक्षण पर बधाई देते हुए कहा है कि इससे नौसेना की मारक क्षमता बढ़ेगी। डीआरडीओ के अध्यक्ष डॉ समीर वी कामत ने भी स्मार्ट प्रणाली के विकास से जुड़े वैज्ञानिकों को बधाई दी है।

### पद्म पुरस्कारों के लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू

**नई दिल्ली/एजेन्सी।** अगले वर्ष गणतंत्र दिवस पर घोषित किए जाने वाले पद्म पुरस्कारों के लिए ऑनलाइन नामांकन तथा सिफारिश करने की प्रक्रिया बुधवार से शुरू हो गई और नामांकन 15 सितंबर तक किये जा सकते हैं। गृह मंत्रालय ने आज एक विज्ञप्ति जारी कर कहा कि इन पुरस्कारों के लिए नामांकन तथा सिफारिशें मंत्रालय की वेबसाइट पर राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल पर ऑनलाइन की जा सकती हैं। पद्म पुरस्कारों में देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान पद्म विभूषण, पद्म भूषण और पद्म शामिल हैं। ये पुरस्कार वर्ष 1954 में शुरू किये गये थे और इनकी घोषणा हर वर्ष गणतंत्र दिवस के अवसर पर की जाती है। मंत्रालय ने सभी नागरिकों से आग्रह किया है कि वे पुरस्कारों के लिए पात्र व्यक्तियों का नामांकन या सिफारिशें करें। नागरिक स्वयं को भी नामित कर सकते हैं।

### ऐप-आधारित धोखाधड़ी निवेश योजना के खिलाफ 10 राज्यों में सीबीआई की छापेमारी

**चेन्नई/एजेन्सी।** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने बुधवार को ऐप-आधारित कथित धोखाधड़ी वाली निवेश योजना से संबंधित एक मामले की जांच के दौरान देश के 10 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 30 ठिकानों पर एक साथ छापे मारे। इस दौरान सीबीआई को लैपटॉप, मोबाइल फोन, एटीएम कार्ड, कंप्यूटर हार्ड ड्राइव, सिम कार्ड, डेबिट कार्ड और अन्य अहम चीजें बरामद हुईं।मामले में सीबीआई ने बताया कि एचपीजेड टोकन ऐप से जुड़ी निवेश योजना के मामले में कथित धोखाधड़ी के मामले में मिली शिकायत पर उसने मामला दर्ज किया था। सीबीआई ने बताया कि यह मुकदमा दो प्राइवेट कंपनियों और उनके निदेशकों तथा अन्य आरोपियों के खिलाफ दर्ज किया गया।

| 02-05-2024 सूर्यास्त | 03-05-2024 सूर्योदय |
|---|---|
| 5:58 बजे | 6:34 बजे |

| BSE | NSE |
|---|---|
| 74,482.78 | 22,604.85 |
| (-188.50) | (-38.55) |

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 7,363 रु. | 82,429 रु. |
| (24 कैरेट) प्रति ग्राम | प्रति किलो |



## दिल्ली-एनसीआर के स्कूलों में बम की धमकी से मचा हड़कंप

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com


**नई दिल्ली/एजेन्सी।** दिल्ली के साथ नोएडा और गाजियाबाद के कई स्कूलों में बुधवार को आतंकवादी हमले की धमकी वाली एक ईमेल मिलने के बाद लोगों में डर का माहौल बन गया, लेकिन बाद में पुलिस और सरकार ने इसे अफवाह करार दिया

एक पुलिस अधिकारी ने कहा कि कई स्कूलों को बम की धमकी वाले ईमेल मिले हैं। धमकी की सूचना मिलते ही पुलिस ने कार्रवाई करते हुए सभी स्कूलों को खाली करा लिया। सभी स्कूलों की जाँच की गई है। उन्होंने कहा कि सभी स्कूल बंद कर दिए गए और छात्रों को घर वापस भेज दिया गया। बम निरोधक दस्तों के साथ साथ दमकल की गाड़ियों को स्कूलों भेजकर गहन तलाशी अभियान चलाया गया, लेकिन कोई विस्फोटक या किसी अन्य प्रकार की हानिकारक वस्तु नहीं मिली। नई दिल्ली ज़िले के पुलिस उपायुक्त देवेश कुमार महला ने कहा, हमने जिले के सभी स्कूलों की जांच की है और कुछ भी नहीं मिला है, घबराने की कोई जरूरत नहीं है।

### आईएस का हाथ होने का संदेह, दिल्ली पुलिस स्पेशल सेल करेगी जांच

**नई दिल्ली/भाषा।** दिल्ली पुलिस की आतंकवाद रोधी इकाई ने दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र के 130 से अधिक स्कूलों को भेजे गए बम की धमकी वाले ईमेल की जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों ने बुधवार को कहा कि प्रारंभिक जांच में लोकसभा चुनाव के दौरान एक आतंकवादी समूह द्वारा गहरी साजिश का संकेत मिला है। इन ईमेल के कारण दिल्ली एवं राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के विभिन्न स्कूलों में पढ़ने वाले छात्रों एवं अभिभावकों के बीच अफरातफरी मच गयी। एक अधिकारी ने कहा कि स्पेशल सेल और जांच करने के लिए गठित एक समर्पित टीम द्वारा साजिश और धमकी जैसे अपराधों के लिए कानून की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। अधिकारी ने कहा, मामला राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ा है। इसकी गहन जांच की जरूरत है। पुलिस ने कहा कि धमकी को अफवाह घोषित किया गया क्योंकि तलाशी के दौरान कुछ भी आपत्तिजनक नहीं पाया गया।

### पूजा-अर्चना



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को अयोध्या में नवनिर्मित राम मंदिर के गर्भगृह के अंदर पूजा-अर्चना और आरती की। इससे पहले उन्होंने सरयू मैया का दुग्धाभिषेक कर पूजन किया।

शाह ने प्रज्वल का जिक्र करते हुए कहा

## महिलाओं पर अत्याचार करने वालों के साथ नहीं रह सकती भाजपा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**हुबली (कर्नाटक)/भाषा।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने जनता दल (सेक्युलर) के लोकसभा चुनाव उम्मीदवार प्रज्ज्वल रेवन्ना पर लगे यौन उत्पीड़न के आरोपों का जिक्र करते हुए बुधवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) महिलाओं पर अत्याचार करने वालों के साथ नहीं रह सकती। उन्होंने कर्नाटक की कांग्रेस सरकार पर वोक्कालिगा समुदाय बहुल क्षेत्र में लोकसभा चुनाव होने तक हासन सीट से सांसद प्रज्वल के खिलाफ कार्रवाई न करने का भी आरोप लगाया।

प्रज्ज्वल पूर्व प्रधान मंत्री और जद (एस) के संरक्षक एचडी देवेगौड़ा के पोते और पूर्व मंत्री एच.डी. रेवन्ना के बेटे हैं। उन्होंने जद (एस) के टिकट पर इस बार भी हासन से चुनाव लड़ा है। चुनाव से ठीक पहले, सोशल मीडिया पर बड़ी संख्या में कथित तौर पर प्रज्ज्वल से जुड़ी वीडियो और तस्वीरें वायरल हुईं, जिसके बाद कर्नाटक राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष नागलक्ष्मी चौधरी के अनुरोध पर कर्नाटक सरकार ने एसआईटी का गठन किया।

रेवन्ना और प्रज्ज्वल की पूर्व रसोइया और रिश्तेदार की शिकायत पर उनके खिलाफ होलेनारासीपुरा में यौन उत्पीड़न का मामला दर्ज किया। पीड़िता ने आरोप लगाया कि प्रज्ज्वल ने उसकी बेटी को वीडियो कॉल कर आपत्तिजनक तरीके से बात की, जिसके कारण बेटी को प्रज्ज्वल को ब्लॉक करना पड़ा। उन्होंने कहा, ''हमारा (भाजपा) का जद(एस) के साथ गठबंधन है। अब (प्रज्ज्वल) रेवन्ना की सीडी आई है। उसने (कांग्रेस ने) सोचा कि वह भाजपा को घेर सकती है। मैं यहां यह स्पष्ट कर रहा हूं कि भाजपा महिलाओं के खिलाफ अत्याचार करने वालों के साथ नहीं रह सकती। उन्होंने कहा कि राज्य में कांग्रेस सत्ता में है और उसे कार्रवाई करनी चाहिए थी।

शाह ने जनसभा में कहा, वोक्कालिगा समुदाय बहुल क्षेत्र में चुनाव खत्म होने तक आपने कोई कार्रवाई नहीं की। आपने राजनीति की और उसे (प्रज्ज्वल रेवन्ना) को भागने दिया। हिम्मत है तो सच बोलिए। आपकी वजह से एक जघन्य अपराधी देश छोड़कर भाग गया। वोक्कालिगा कर्नाटक के दक्षिणी भाग में प्रमुख समुदाय है और देवेगौड़ा का परिवार इसी समुदाय से संबंध रखता है। समुदाय 14 लोकसभा सीट पर प्रभाव रखता है, जहां 26 अप्रैल को मतदान हुआ था। शेष 14 सीट पर सात मई को मतदान होगा। शाह ने कहा कि भाजपा का रुख स्पष्ट है कि ऐसे अपराध करने वालों को कड़ी सजा दी जानी चाहिए।

### सलमान के घर के सामने गोलीबारी करने के आरोपी ने आत्महत्या की

**मुंबई/भाषा।** बॉलीवुड स्टार सलमान खान के आवास के सामने हुई गोलीबारी के मामले के एक आरोपी ने बुधवार को हवालात में आत्महत्या करने की कोशिश की और अस्पताल ले जाते समय उसकी मौत हो गई। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि आरोपी 23 वर्षीय अनुज थापन ने हवालात के शौचालय में चादर से फंदा बनाकर फांसी लगा ली। थापन को सरकारी जीटी अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने इलाज के दौरान उसे मृत घोषित कर दिया।

## चंद्रमा पर दोहन करने योग्य गहराई में और जमा हुआ जल : इसरो

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**हाल के अध्ययन से पता चलता है कि पहले कुछ मीटर में उपसतह बर्फ की मात्रा दोनों ध्रुवों की सतह पर मौजूद बर्फ की तुलना में लगभग पांच से आठ गुना अधिक है।**



**बेंगलूरु/भाषा।** एक अध्ययन में पता चला है कि चंद्रमा के ध्रुवीय गड्ढों में बर्फ के रूप में पानी की अधिक मात्रा हो सकती है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने यह जानकारी दी।

इसरो ने एक विज्ञप्ति में बताया कि यह अध्ययन अंतरिक्ष अनुप्रयोग केंद्र (एसएसी)/इसरो के वैज्ञानिकों द्वारा भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) कानपुर, दक्षिणी कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय, जेट प्रोपल्शन प्रयोगशाला और आईआईटी (आईएसएम) धनबाद के शोधकर्ताओं के सहयोग से किया गया।

विज्ञप्ति के मुताबिक हाल के अध्ययन से पता चलता है कि पहले कुछ मीटर में उपसतह बर्फ की मात्रा दोनों ध्रुवों की सतह पर मौजूद बर्फ की तुलना में लगभग पांच से आठ गुना अधिक है।

अंतरिक्ष एजेंसी ने बताया कि ऐसे में बर्फ का नमूना लेने या दोहन करने के लिए चंद्रमा पर खुदाई भविष्य के मिशन और दीर्घकालिक मानव उपस्थिति के लिए अहम होगी।

## सत्तर साल तक शासन करने के बावजूद कांग्रेस पूरे देश में संविधान लागू नहीं कर सकी : मोदी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



हिम्मतनगर (गुजरात)/भाषा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने तीसरे कार्यकाल में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) द्वारा संविधान को बदल देने के कांग्रेस के दावे पर पलटवार करते हुए बुधवार को कहा कि विपक्षी पार्टी 70 वर्ष सत्ता में रहने के बावजूद पूरे देश में संविधान लागू नहीं कर सकी।

उत्तरी गुजरात के हिम्मतनगर में साबरकांठा और मेहसाणा सीट से भाजपा के लोकसभा उम्मीदवारों के समर्थन में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि वह संविधान के प्रति प्रतिबद्ध हैं और उनकी सरकार पूर्ववर्ती राज्य को विशेष दर्जा देने वाले अनुच्छेद 370 को हटाकर जम्मू-कश्मीर में भी इसका लागू होना सुनिश्चित किया है।

मोदी ने कहा, कांग्रेस नेता अब दावा कर रहे हैं कि संविधान खतरे में है और आरक्षण खत्म कर दिया जाएगा। हकीकत में कांग्रेस अपने 70 वर्ष के शासन में संविधान को पूरे देश में लागू नहीं कर पाई। कश्मीर में हमारा संविधान लागू नहीं हुआ... मोदी ने ऐसा इसलिए किया क्योंकि मोदी संविधान के प्रति प्रतिबद्ध हैं।

कांग्रेस सांसद राहुल गांधी का नाम लिए बिना भाजपा के स्टार प्रचारक ने कहा कि पार्टी का 'शहजादा' अब दावा कर रहा है कि अगर मोदी तीसरी बार सत्ता में आए तो देश जलेगा। उन्होंने कहा, वास्तव में यह कांग्रेस है जो अब जल रही है। वे ऐसी बातें इसलिए कह रहे हैं क्योंकि उनके सपने अब राख में बदल गए हैं।

मिशन मंडेला
दक्षिण भारत राष्ट्रमत
दक्षिण भारत का लोकप्रिय हिन्दी दैनिक
epaper.dakshinbharat.com



कैलाश मण्डेला, मो. 9828233434

### बदले तेवर

वे बने शांति के दूत आज,
जो कभी क्रांति के नायक थे।
वे लगे भटकने खुद विधि से,
जो रह गए कभी विधायक थे।
त्यागी उनने रथ वल्गाएं,
जो खुद गीता के गायक थे।
वे भी अब टिकट जुगाड़ हैं,
जो बिल्कुल ही नालायक थे।।

## आतंकवादी पन्नू को बचाने के लिए भारत पर दबाव बढ़ा रहा है अमेरिका

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**वाशिंगटन/एजेन्सी।** अमेरिका खालिस्तानी अलगाववादी नेता गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की कथित साजिश को लेकर भारत पर दबाव बढ़ा रहा है और वाशिंगटन पोस्ट की खबर के बाद अमेरिका ने कहा है कि वह इस मामले में अपनी चिंताओं को सीधे तौर पर और उच्च स्तर पर भारत सरकार के साथ उठाता रहेगा तथा भारत की जवाबदेही की उम्मीद करता है।

अमेरिकी विदेश विभाग के प्रधान उप प्रवक्ता वेदांत पटेल ने नियमित ब्रीफिंग में कहा कि वह पन्नू की हत्या की कथित साजिश की जांच के संबंध में भारत सरकार से 'जवाबदेही की उम्मीद करते हैं' और अमेरिकी प्रशासन इस मामले को लेकर भारत के साथ मिलकर काम कर रहा है।

वाशिंगटन पोस्ट की उस खबर में एक रॉ अधिकारी का नाम कथित तौर पर पन्नू को खत्म करने की साजिश में शामिल बताया गया था।

पटेल ने कहा, इसलिए हम भारतीय जांच समिति के काम के परिणामों के आधार पर भारत सरकार से जवाबदेही की उम्मीद करते हैं, और हम नियमित रूप से उनके साथ काम कर रहे हैं और अतिरिक्त अपडेट के लिए पूछताछ कर रहे हैं। हम भारत सरकार के साथ उच्च स्तर पर सीधे तौर पर अपनी चिंताओं को उठाना जारी रखेंगे। लेकिन इससे आगे मैं इस पर अधिक विस्तार से कुछ नहीं कहूंगा। यह मामला न्याय विभाग देख रहा है।

अमेरिकी विदेश विभाग की यह प्रतिक्रिया तब आई है जब भारत ने मंगलवार को वाशिंगटन पोस्ट की रिपोर्ट को निराधार एवं अनुचित बताते हुए खारिज कर दिया।

अमेरिकी राष्ट्रपति के मुख्यालय व्हाइट हाउस ने भी कहा कि वह मामले को बहुत गंभीरता' से ले रहा है और भारत सरकार के साथ सीधे अपनी चिंताओं को उठाना जारी रखेगा। व्हाइट हाउस के प्रवक्ता कैरिन



जीन-पियरे ने इस मुद्दे पर संवाददाताओं से कहा, यह एक गंभीर मामला है, और हम इसे बहुत ही गंभीरता से ले रहे हैं। भारत सरकार हमारे साथ बहुत स्पष्ट रही है कि वे भी इसे गंभीरता से ले रहे हैं और जांच करेंगे। और हम उसके आधार पर सरकार से जवाबदेही की उम्मीद करते हैं।

व्हाइट हाउस प्रवक्ता ने जोर देकर दोहराया, हम अपनी चिंताओं को उठाना जारी रखेंगे। वह रुकने वाला नहीं है. हम अपनी चिंताओं को सीधे-सीधे भारत सरकार के समक्ष उठाना जारी रखेंगे।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने मंगलवार को एक बयान में वाशिंगटन पोस्ट की उस रिपोर्ट को 'अनुचित और अप्रमाणित आरोपों' के रूप में खारिज कर दिया, जिसमें रॉ अधिकारी विक्रम यादव को कथित तौर पर अमेरिकी धरती पर पन्नू की हत्या की असफल साजिश में शामिल बताया गया था और इस ऑपरेशन को रॉ के तत्कालीन मुखिया सामंत गोयल द्वारा मंजूरी दी गई थी।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता जयसवाल ने एक बयान में कहा, अमेरिकी अखबार में प्रकाशित संबंधित रिपोर्ट एक गंभीर मामले पर अनुचित और निराधार आरोप लगाती है। संगठित अपराधियों, आतंकवादियों और अन्य लोगों के नेटवर्क पर अमेरिकी सरकार द्वारा साझा की गई सुरक्षा चिंताओं को देखने के लिए भारत सरकार द्वारा गठित उच्च स्तरीय समिति की जांच चल रही है। इस पर अटकलें और गैर-जिम्मेदाराना टिप्पणियाँ मददगार नहीं हैं।

वाशिंगटन पोस्ट की रिपोर्ट में अनाम पूर्व अमेरिकी और भारतीय सुरक्षा अधिकारियों के हवाले से दावा किया गया था कि रॉ में प्रतिनियुक्ति पर गये केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के अधिकारी विक्रम यादव ने कथित हत्या की साजिश को अंजाम देने के लिए एक 'हिट टीम' को तैयार किया था और पन्नू के न्यूयॉर्क के पते सहित पूरी संपर्क जानकारी हमलावरों तक पहुंचाई थी।

रिपोर्ट में कहा गया है कि अमेरिकी न्याय विभाग ने भारत के साथ संबंधों को बाधित नहीं करने की अमेरिका की नीति के तहत फिलहाल यादव के खिलाफ सीधे आरोप नहीं लगाने का फैसला किया है।



# आरक्षण को लेकर भाजपा से सवाल करने पर प्रधानमंत्री प्रतिशोधपूर्ण रवैया अपना रहे : रेवंत रेड्डी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**हैदराबाद/भाषा।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के खिलाफ हमला तेज करते हुए तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर आरोप लगाया कि वे भगवा दल से उसकी आरक्षण खत्म करने की कथित 'साजिश' को लेकर सवाल करने पर उनके खिलाफ प्रतिशोधपूर्ण रवैया अपना रहे हैं।

निजामाबाद लोकसभा क्षेत्र में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्रालय की शिकायत के आधार पर दिल्ली में उनके खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। उन्होंने कहा, मैंने भाजपा से सवाल किया। जब मैंने ऐसा किया तो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह ने प्रतिशोधात्मक रवैया अपना लिया और मेरे खिलाफ दिल्ली में मामला दर्ज करा दिया। तेलंगाना कांग्रेस के अध्यक्ष रेवंत रेड्डी सोशल मीडिया पर प्रसारित केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के 'फर्जी' वीडियो के संबंध में एक मई को जांच में शामिल होने के लिए दिल्ली पुलिस द्वारा जारी समन का जिक्र कर रहे थे। उन्होंने लोकसभा चुनाव को 'तेलंगाना गौरव' और 'गुजरात प्रभुत्व' के बीच का मुकाबला बताया। मंगलवार को तेलंगाना में मोदी की चुनाव प्रचार सभा की ओर इशारा करते हुए उन्होंने कहा कि वह प्रधानमंत्री का सम्मान करते हैं लेकिन ''मोदी गुजरात के व्यक्ति के रूप में तेलंगाना आए और हमें गाली दी। उन्होंने कहा कि मोदी ने इस्पात संयंत्र, रेल कोच कारखाना और आंध्र प्रदेश पुनर्गठन अधिनियम, 2014 में तेलंगाना को दिए गए अन्य आश्वासनों और राज्य सरकार द्वारा केंद्र से किए गए अन्य अनुरोधों के बारे में बात नहीं की।

रेवंत रेड्डी ने कहा कि मोदी उस समय झूठ बोल रहे थे जब उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी ने संविधान को बदलने के लिए कोई साजिश नहीं रची।

# राजग का चुनावी घोषणापत्र केवल तेदेपा और जनसेना का प्रतिनिधित्व करता है : पुरंदेश्वरी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**विशाखापत्तनम/भाषा।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा)की आंध्र प्रदेश इकाई की अध्यक्ष डी.पुरंदेश्वरी ने बुधवार को स्पष्ट किया कि राज्य में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) घटकों द्वारा मंगलवार को जारी घोषणापत्र केवल तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) और जनसेना के वादों का ही प्रतिनिधित्व करता है, भाजपा का नहीं।

पुरंदेश्वरी ने कहा कि भाजपा 2018 में पारित 'रायलसीमा घोषणापत्र ' को लेकर प्रतिबद्ध है जिसमें कुर्नूल में उच्च न्यायालय की स्थापना और शहर को आंध्र प्रदेश की दूसरी राजधानी बनाने का प्रावधान है।

पुरंदेश्वरी ने राजग के राज्य की सत्ता में आने का भरोसा जताते हुए कहा कि तेदेपा, जनसेना और भाजपा राज्य से लेकर मंडल स्तर पर समन्वय समिति का गठन करेंगे ताकि अगर कोई मतभेद हो तो उसे दूर किया जा सके।

उन्होंने 'पीटीआई-भाषा'से कहा, हम बार-बार कह रहे हैं कि ये तेदेपा और जनसेना का संयुक्त घोषणा पत्र है क्योंकि वे केवल तीन-चार महीने पहले ही गठबंधन में शामिल हुए हैं। यहां तक कि हमसे साथ जुड़ने से पहले ही उनका घोषणा पत्र तैयार था।

भारतीय जनता पार्टी नेता ने कहा कि पार्टी ने राष्ट्रीय स्तर पर अपना घोषणापत्र जारी किया है और जब राजग आंध्र प्रदेश में सत्ता में आएगा, तो तीनों दल एक साथ बैठेंगे और चर्चा करेंगे कि कैसे भारतीय जनता पार्टी



के नीतिगत दस्तावेज को सहयोगी दलों के घोषणा पत्र में समायोजित किया जाएगा।

तेदेपा प्रमुख एन.चंद्रबाबू नायडू ने मंगलवार को राजग सहयोगियों का घोषणा पत्र जारी किया था जिसमें 'छह वादे' और कई कल्याणकारी योजनाओं का जिक्र है।

तेदेपा प्रमुख ने रेखांकित किया कि भारतीय जनता पार्टी ने राष्ट्रीय स्तर पर अपना घोषणा पत्र जारी किया है और राज्य में हमारे घोषणा पत्र को लागू करने में सहयोग करेगी। हालांकि, दोनों सहयोगी दलों के घोषणापत्र पर मोदी की तस्वीर नहीं है जिसे लेकर राज्य में सत्तारूढ़ वाईएसआर कांग्रेस सरकार ने निशाना साधा है।

राज्य में विपक्षी तेदेपा और जनसेना के घोषणा पत्र पर प्रतिक्रिया देते हुए वाईएसआर कांग्रेस प्रमुख और आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री वाई.एस.जगन मोहन रेड्डी ने कहा कि घोषणापत्र पर प्रधानमंत्री मोदी की तस्वीर का न होना साबित करता है कि वादे पूरे करने योग्य नहीं हैं।

एक सवाल पर पुरंदेश्वरी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी धर्म के आधार पर आरक्षण के खिलाफ है और यही रुख आंध्र प्रदेश में भी अपनाएगी। उन्होंने कहा कि 'रायलसीमा घोषणापत्र'2018 में जारी किया गया था और भाजपा इसको लेकर अडिग है।

# आवश्यक रस्मों के बिना हिंदू विवाह वैध नहीं : उच्चतम न्यायालय

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** उच्चतम न्यायालय ने कहा है कि हिंदू विवाह ''नाचने-गाने, खाने-पीने'' या वाणिज्यिक लेनदेन का अवसर नहीं है और वैध रस्मों को पूरा किए बिना किसी शादी को हिंदू विवाह अधिनियम के तहत मान्यता नहीं दी जा सकती है। न्यायमूर्ति बी.वी. नागरत्ना और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने कहा कि हिंदू विवाह एक संस्कार और पवित्र बंधन है जिसे भारतीय समाज में काफी महत्व दिया जाता है।

हाल ही में पारित अपने आदेश में पीठ ने युवक-युवतियों से आग्रह किया कि वे विवाह की संस्था में प्रवेश करने से पहले ही इसके बारे में गहराई से विचार करें क्योंकि भारतीय समाज में विवाह एक पवित्र बंधन है।

पीठ ने दो प्रशिक्षित वाणिज्यिक पायलटों के मामले में अपने आदेश में यह टिप्पणी की। दोनों पायलटों ने वैध रस्मों से विवाह किए बिना ही तलाक के लिए मंजूरी मांगी थी। पीठ ने कहा, शादी



नाचने-गाने और खाने-पीने का आयोजन या अनुचित दबाव डालकर दहेज और उपहारों की मांग करने का अवसर नहीं है, जिसके बाद आपराधिक कार्यवाही शुरू हो सकती है। शादी कोई वाणिज्यिक लेनदेन नहीं है। यह एक पवित्र बंधन है जो एक पुरुष और एक महिला के बीच संबंध स्थापित करने के लिए है, जो भविष्य में एक विकसित परिवार के लिए पति और पत्नी का दर्जा प्राप्त करते हैं, जो भारतीय समाज की एक बुनियादी इकाई है। पीठ ने शादी को पवित्र बताया क्योंकि यह दो लोगों को आजीवन, गरिमापूर्ण, समान, सहमतिपूर्ण और स्वस्थ मिलन प्रदान करती है। उसने कहा कि हिंदू विवाह परिवार की इकाई को मजबूत करता है और विभिन्न समुदायों के भीतर भाईचारे की भावना को मजबूत करता है।

# बडगाम के व्यक्ति पर शाह का 'फर्जी' वीडियो साझा करने पर मामला दर्ज

**श्रीनगर/भाषा।** जम्मू कश्मीर के बडगाम जिले के मगाम में पुलिस ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित का फर्जी वीडियो साझा करने के आरोप में एक व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नेता अल्ताफ ठाकुर की शिकायत के बाद बडगाम के मगाम पुलिस थाने में मोहम्मद इलियास हुसैन मीर के खिलाफ मामला दर्ज किया गया।

पुलिस के अनुसार ठाकुर ने अपनी शिकायत में लिखा, आपको सूचित किया जाता है कि इलियास मीर मगामी के नाम से एक शरारती व्यक्ति ने श्री अमित शाह का एक डब किया हुआ और फर्जी वीडियो साझा किया है जिसमें कहा गया है कि केंद्र जम्मू-कश्मीर में अनुसूचित जाति (एससी) और अनुसूचित जनजाति (एसटी) समुदाय के लोगों का आरक्षण खत्म करने जा रहा है जो कि पूर्णतया निराधार एवं तथ्यों से परे है।

# एयर इंडिया एक्सप्रेस के कर्मचारियों का एयरलाइन में कुप्रबंधन का आरोप

**नई दिल्ली/भाषा।** एयर इंडिया एक्सप्रेस के चालक दल के सदस्यों के एक समूह ने एयरलाइन में कुप्रबंधन का आरोप लगाते हुए कहा है कि कर्मचारियों से भेदभाव किया जा रहा है। टाटा समूह की इकाई एयर इंडिया एक्सप्रेस, एआईएक्स कनेक्ट (पूर्व में एयरएशिया इंडिया) का खुद में विलय करने की प्रक्रिया में है। एयरलाइन के चालक दल के सदस्यों का प्रतिनिधित्व करने वाली एयर इंडिया एक्सप्रेस कर्मचारी संघ (एआईएक्सईयू) ने 26 अप्रैल को टाटा समूह और एयर इंडिया के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन को पत्र लिखा था। इसकी प्रतियां एयर इंडिया एक्सप्रेस के मुख्य कार्यपालक अधिकारी आलोक सिंह और अन्य को भी भेजी गई हैं। पंजीकृत संघ में चालक दल के 300 सदस्य होने का दावा किया गया है।

# इफको को दो और नैनो तकनीक वाले उर्वरक पेश करने की मंजूरी मिली

**नई दिल्ली/भाषा।** नैनो लिक्विड यूरिया और नैनो लिक्विड डीएपी की पेशकश करने वाली प्रमुख उर्वरक कंपनी इफको ने बुधवार को कहा कि केंद्र सरकार ने उसके दो नए उत्पादों नैनो लिक्विड जिंक और नैनो लिक्विड कॉपर को पेश करने की मंजूरी दे दी है। ये दोनों उत्पाद कृषि फसलों में जस्ते और तांबे की कमी को दूर करने और उत्पादकता बढ़ाने में मदद करेंगे।

'एक्स' पर एक पोस्ट में इफको के प्रबंध निदेशक यू एस अवस्थी ने कहा, इफको के नैनो प्रौद्योगिकी-आधारित नवोन्मेषण कृषि क्षेत्र पर अपनी छाप छोड़ रहे हैं। यह साझा करते हुए खुशी हो रही है कि इफको के नए नवाचार इफको नैनो जिंक (लिक्विड) और इफको नैनो कॉपर (लिक्विड) को भारत सरकार द्वारा तीन साल की अवधि के लिए अधिसूचित किया गया है। इन दोनों उत्पादों के लिए एफसीओ (उर्वरक नियंत्रण आदेश) की मंजूरी दी गई है। अवस्थी ने कहा, पौधों में एंजाइम की कार्यप्रणाली के लिए जिंक एक महत्वपूर्ण सूक्ष्म पोषक तत्व है और यह पौधों की वृद्धि और विकास के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। पौधों में जिंक की कमी वैश्विक स्तर पर प्रमुख चिंताओं में से एक है। इसी तरह उन्होंने कहा कि पौधों में कई एंजाइमेटिक गतिविधियों और क्लोरोफिल और बीज उत्पादन के लिए तांबे की आवश्यकता होती है। तांबे की कमी से बीमारियों की संभावना बढ़ सकती है।

# जीएसटी संग्रह दो लाख करोड़ रुपए के पार, अप्रैल में रिकॉर्ड 2.10 लाख करोड़ रुपए

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** देश का सकल जीएसटी संग्रह अप्रैल में सालाना आधार पर 12.4 प्रतिशत बढ़कर 2.10 लाख करोड़ रुपए के रिकॉर्ड उच्च स्तर पर पहुंच गया। घरेलू लेनदेन तथा आयात में मजबूत वृद्धि से यह संग्रह बढ़ा है। यह पहला मौका है जब किसी महीने में माल एवं सेवा कर (जीएसटी) का संग्रह दो लाख करोड़ रुपए से अधिक रहा है।

वित्त मंत्रालय ने एक बयान में कहा, सकल जीएसटी संग्रह अप्रैल 2024 में 2.10 लाख करोड़ रुपए के रिकॉर्ड उच्च स्तर पर पहुंच गया। यह सालाना आधार पर 12.4 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि को दर्शाता है, जो घरेलू लेनदेन (13.4 प्रतिशत वृद्धि) और आयात (8.3 प्रतिशत वृद्धि) में मजबूत वृद्धि के दम पर संभव हो पाया। मूल रूप से बेची गई वस्तुओं और दी गई सेवाओं पर लगने वाला कर जीएसटी मार्च के महीने में 1.78 लाख करोड़ रुपए से अधिक रहा जबकि एक साल पहले अप्रैल 2023 में यह 1.87 लाख करोड़ रुपए था। सीतारमण ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर इस उपलब्धि को हासिल करने में राजस्व विभाग के केंद्रीय व राज्य अधिकारियों तथा केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) के ''ईमानदार और सहयोगात्मक प्रयासों'' की सराहना की। कर विशेषज्ञों का कहना है कि अप्रैल में मजबूत जीएसटी राजस्व एक बढ़ती अर्थव्यवस्था, कंपनियों के स्तर पर अनुपालन पर जोर देने और समय पर लेखा परीक्षा एवं जांच के अलावा विभाग के स्तर पर उठाए गए कदमों को दर्शाता है।

# मुंबई के सीएसएमटी स्टेशन के निकट खाली लोकल ट्रेन पटरी से उतरी, सप्ताह में दूसरा हादसा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**मुंबई/भाषा।** यहां छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस (सीएसएमटी) पर बुधवार दोपहर मध्य रेलवे की हार्बर लाइन पर एक खाली लोकल ट्रेन पटरी से उतर गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

मध्य रेलवे के प्रमुख जनसंपर्क अधिकारी स्वप्निल नीला ने कहा कि शाम करीब 4.23 बजे हुई घटना में कोई घायल नहीं हुआ।

एक अन्य अधिकारी ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि जब ट्रेन सीएसएमटी के प्लेटफॉर्म नंबर-2 पर प्रवेश कर रही थी तो मोटरमैन के कोच की ट्रॉली (पहियों का सेट) पटरी से उतर गई।

रविवार को इसी स्थान पर हार्बर लाइन की एक लोकल ट्रेन पटरी से उतर गई थी। उस घटना में कोई घायल नहीं हुआ, लेकिन इसके कारण घंटों तक यातायात प्रभावित रहा था।

# आंध्र प्रदेश: डॉक्टर समेत एक ही परिवार के पांच सदस्य मृत पाए गए

**विजयवाड़ा/भाषा।** विजयवाड़ा में कथित तौर पर आर्थिक तंगी से जूझ रहे डॉक्टर समेत एक ही परिवार के पांच सदस्य अपने घर में मृत पाए गए। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी।

विजयवाड़ा पूर्व के पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) अधिराज सिंह राणा ने बताया कि परिवार के चार सदस्यों के शरीर पर चोट के निशान पाए गए जबकि एक फांसी पर लटका मिला। उन्होंने कहा कि शवों को उन्होंने मंगलवार सुबह देखा और संदेह है कि वारदात सोमवार की रात को हुई होगी।

पुलिस ने कहा कि डी श्रीनिवास (40) को फांसी पर लटका हुआ पाया गया जबकि उनकी पत्नी डी उषा रानी (38), दो नाबालिग बच्चे - लड़का और एक लड़की - और उनकी मां डी रामनम्मा (70) के गले की नसें कटी हुई पाई गईं। पुलिस जांच कर रही है कि ऐसा तो नहीं है कि हड्डी रोग विशेषज्ञ श्रीनिवास ने पहले चारों की हत्या की और फिर आत्महत्या कर ली हो। राणा ने बताया, वह आर्थिक समस्याओं का सामना कर रहे थे। हाल में उन्होंने अपना अस्पताल बेच दिया था। हम इसका सत्यापन कर रहे हैं। सोमवार की रात पीड़ित डॉक्टर ने कार की चाबी एक पड़ोसी को सौंप दीं और उनसे अपने भाई को देने को कहा। उसने पड़ोसी को बताया कि वे पांचों लोग बाहर जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि पुलिस भादंसं की धारा 302 के तहत हत्या का मामला और दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 174 के तहत आत्महत्या का मामला दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

# क्या मोदी के 'राजनीतिक परिवार' का हिस्सा होना अपराधियों के लिए 'सुरक्षा की गारंटी' है : राहुल गांधी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने जनता दल (सेक्युलर) के नेता प्रज्ज्वल रेवन्ना के खिलाफ यौन उत्पीड़न के आरोपों पर बुधवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर तीखा हमला बोला और पूछा कि क्या ''मोदी के राजनीतिक परिवार का हिस्सा होना अपराधियों के लिए सुरक्षा की गारंटी है''। पुलिस ने प्रज्ज्वल रेवन्ना और उनके पिता एचडी रेवन्ना पर रविवार को यौन उत्पीड़न और आपराधिक धमकी का मामला दर्ज किया। रेवन्ना के घर में काम करने वाली एक महिला की शिकायत पर यह मामला दर्ज किया गया।

प्रज्ज्वल पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवगौड़ा के पौत्र हैं और पूर्व मुख्यमंत्री एचडी कुमारस्वामी के भतीजे हैं। कांग्रेस और अन्य राजनीतिक दलों के आरोपों के बाद जनता दल (सेक्युलर) ने प्रज्वल को निलंबित कर दिया। राहुल ने 'एक्स' पर लिखा, कर्नाटक में



महिलाओं के साथ हुए वीभत्स अपराध पर भी नरेन्द्र मोदी ने हमेशा की तरह शर्मनाक चुप्पी साध ली है। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री को जवाब देना होगा: सब कुछ जान कर भी सिर्फ वोटों के लिए उन्होंने सैकड़ों बेटियों का शोषण करने वाले हैवान का प्रचार क्यों किया? आखिर इतना बड़ा अपराधी बड़ी सहूलियत के साथ देश से फरार कैसे हो गया?'' राहुल गांधी ने लिखा, कैसरगंज से कर्नाटक और उन्नाव से उत्तराखण्ड तक, बेटियों के गुनहगारों को प्रधानमंत्री का मूक समर्थन देश भर में अपराधियों के हौसले बुलंद कर रहा है। उन्होंने कहा, क्या मोदी के 'राजनीतिक परिवार' का हिस्सा होना अपराधियों के लिए 'सुरक्षा की गारंटी' है?''

# बारामूला पुलिस ने पाकिस्तान में रहने वाले आतंकी आकाओं से जुड़ी 7 संपत्तियां कुर्क कीं

**श्रीनगर/भाषा।** जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले में पुलिस ने बुधवार को पाकिस्तान में बसे आतंकवादी सरगनाओं से जुड़ी सात संपत्तियां कुर्क कर लीं। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने कहा कि अतिरिक्त सत्र न्यायालय, बारामूला द्वारा जारी कुर्की आदेश प्राप्त करने के बाद पुलिस ने पाकिस्तान स्थित आतंकी आकाओं की संपत्तियों के खिलाफ यह कार्रवाई की। उन्होंने बताया कि सात संपत्तियां कुल मिलाकर एक एकड़ और छह मरले की हैं। उन्होंने कहा कि आतंकी आकाओं की पहचान सज्जाद अहमद भट, इरशाद अहमद खान, गुल्ला मोची, मोहम्मद असलम खान, मोहम्मद बेग, खालिद मीर और रफीक अहमद बकरवाल के रूप में हुई है, जो जिले के उरी इलाके के निवासी हैं। पुलिस ने यह कार्रवाई 2008 में बोनियार थाने में दर्ज एक मामले के संबंध में सीआरपीसी धारा 88 के तहत की है। बारामूला के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एलएसपी) आमोद नागपुरे ने कहा कि पुलिस युवाओं को गुमराह कर आतंकवाद में शामिल करने में संलिप्त लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई कर रही है। उन्होंने कहा, हम पाकिस्तान से काम करने वाले आतंकी आकाओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर रहे हैं। कल, हमने अदालत के आदेश पर उरी में संपत्तियां जब्त कीं। ये संपत्तियां पाकिस्तान में स्थित सात आतंकी आकाओं की हैं।




# घरेलू बाजार में यात्री वाहनों की बिक्री रफ्तार अप्रैल में पड़ी सुस्त

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** देश में यात्री वाहनों की बिक्री नए वित्त वर्ष (2024-25) के पहले महीने में स्थिर रही। अप्रैल में वाहन की 3.38 लाख इकाइयां बेची गईं। बिक्री पर उच्च तुलनात्मक आधार प्रभाव और आम चुनावों के कारण कम मांग का असर हुआ। यात्री वाहनों की थोक बिक्री अप्रैल में 1.77 प्रतिशत वृद्धि के साथ 3,38,341 इकाई रही, जो पिछले साल इसी महीने में 3,32,468 इकाई थी। इस दौरान मारुति सुजुकी इंडिया, हुंदै और टाटा मोटर्स की घरेलू थोक बिक्री में मामूली वृद्धि हुई है।

मारुति सुजुकी इंडिया के वरिष्ठ कार्यपालक अधिकारी (विपणन एवं बिक्री) पार्थो बनर्जी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये संवाददाताओं से कहा कि अप्रैल में सपाट वृद्धि पिछले साल उद्योग के उच्च तुलनात्मक आधार के कारण है। इसके अलावा चल रहे आम चुनावों का प्रभाव भी है। उन्होंने कहा, हमने इस साल बहुत ऊंचे आधार पर शुरुआत की है...अभी देश में चुनाव चल रहे हैं और आदर्श आचार संहिता लागू है...चुनाव के दौरान बाजार थोड़ा सुस्त है। एक बार चुनाव ख़त्म हो जाएं, तो मुझे लगता है कि हम एक अलग बाजार देखेंगे। मारुति सुजुकी की कुल घरेलू यात्री वाहन बिक्री अप्रैल में 1,37,952 इकाई रही, जो पिछले साल इसी महीने में 1,37,320 इकाई थी। हुंदै मोटर इंडिया की घरेलू थोक बिक्री अप्रैल में एक प्रतिशत बढ़कर 50,201 इकाई रही, जो पिछले साल इसी माह 49,701 इकाई थी।

कंपनी के सीओओ (मुख्य परिचालन अधिकारी) तरुण गर्ग ने कहा कि अप्रैल में यात्री वाहन उद्योग की वृद्धि हमारे अनुमान के अनुरूप है। उन्होंने 'डिजिटल' माध्यम से बातचीत में कहा, इसका बड़ा कारण दो वर्षों का उच्च तुलनात्मक आधार प्रभाव है। और जरूरी नहीं है कि यह नरमी हो। पूछताछ का स्तर और बुकिंग पिछले वर्ष के समान स्तर पर थी। गर्ग ने कहा कि सामान्य मानसून का अनुमान विशेष रूप से ग्रामीण बिक्री के नजरिए से अच्छा है। टाटा मोटर्स ने इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) सहित कुल घरेलू यात्री वाहन बिक्री में दो प्रतिशत की वृद्धि हुई। अप्रैल में यह 47,883 इकाई रही, जबकि पिछले साल इसी महीने में यह 47,007 इकाई थी। वहीं, दूसरी तरफ टोयोटा किर्लोस्कर मोटर की थोक बिक्री अप्रैल में 32 प्रतिशत बढ़कर 20,494 इकाई हो गई, जो पिछले साल इसी महीने 15,510 इकाई थी। एमजी मोटर इंडिया की खुदरा बिक्री 1.45 प्रतिशत गिरकर अप्रैल में 4,485 इकाई हो गई, जो पिछले साल अप्रैल में 4,551 इकाई थी।

दोपहिया खंड में, टीवीएस मोटर कंपनी की घरेलू बिक्री अप्रैल में 29 प्रतिशत बढ़कर 3,01,449 इकाई हो गई, जो पिछले साल इसी महीने में 2,32,956 इकाई थी।

# दिल्ली समेत उत्तर भारत में अधिकतम तापमान सामान्य से ज्यादा रहने की संभावना : आईएमडी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने बुधवार को कहा कि राष्ट्रीय राजधानी समेत उत्तर भारत के ज्यादातर हिस्सों में मई के महीने में अधिकतम और न्यूनतम तापमान सामान्य से ज्यादा रह सकता है और दो से चार दिन लू चल सकती है।

आईएमडी प्रमुख मृत्युजंय महापात्र ने डिजिटल माध्यम से संवाददाता सम्मेलन में बताया कि केवल पूर्वोत्तर भारत के अधिकतर भागों और उत्तर पश्चिम भारत और मध्य भारत के कुछ हिस्सों तथा पूर्वोत्तर प्रायद्वीप भारत को छोड़कर देश के अधिकांश हिस्सों में अधिकतम तापमान सामान्य से अधिक रहने की संभावना है।

उनके मुताबिक, पूर्वोत्तर भारत के अधिकतर भागों और उत्तर पश्चिम भारत और मध्य भारत के कुछ हिस्सों तथा पूर्वोत्तर प्रायद्वीप भारत में पारा सामान्य से नीचे रहने की संभावना है। महापात्र ने बताया



कि इसी तरह उत्तर पश्चिम भारत के कुछ हिस्सों, गंगा के मैदानी इलाकों, मध्य भारत और पूर्वोत्तर भारत के अधिकांश हिस्सों को छोड़कर देश के ज्यादातर इलाकों में न्यूनतम तापमान भी सामान्य से अधिक रह सकता है। उनके मुताबिक, उत्तर पश्चिम भारत के कुछ हिस्सों, गंगा के मैदानी इलाकों, मध्य भारत और पूर्वोत्तर भारत के अधिकांश हिस्सों में न्यूनतम तापमान सामान्य से नीचे रहने की संभावना है।

उन्होंने बताया कि पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, पश्चिमी उत्तर प्रदेश और उत्तर राजस्थान समेत अन्य क्षेत्रों में मई के महीने में अधिकतम और न्यूनतम तापमान सामान्य से ज्यादा रहने का अनुमान है। महापात्र ने बताया कि पूर्वी मध्य प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़ के कुछ भागों, आंतरिक ओडिशा, पश्चिम बंगाल में गंगा के मैदानी इलाकों, झारखंड और बिहार समेत अन्य इलाकों में लगभग दो से चार दिन लू चल सकती है जो सामान्य से अधिक है। आम तौर पर, उत्तरी मैदानी इलाकों, मध्य भारत और प्रायद्वीपीय भारत के आसपास के क्षेत्रों में मई में लगभग तीन दिन लू चलती है। उन्होंने बताया कि दक्षिण राजस्थान, पश्चिम मध्य प्रदेश, विदर्भ, मराठवाडा और गुजरात क्षेत्र में लगभग 5-8 दिनों तक लू चलने का अनुमान है।



# कर्नाटक के छह जिलों में भीषण गर्मी पड़ने का अनुमान, रेड अलर्ट जारी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु, एक मई (भाषा) कर्नाटक राज्य आपदा निगरानी केंद्र (केएसएनडीएमसी) ने राज्य के छह जिलों में भीषण गर्मी पड़ने का अनुमान जताते हुए 'रेड अलर्ट' जारी किया है और अधिकतम तापमान 46 डिग्री सेल्सियस से अधिक होने का पूर्वानुमान जाहिर किया है। केएसएनडीएमसी ने एसएचएआर–इसरो के हवाले से यह जानकारी दी है। केएसएनडीएमसी के अनुसार, बागलकोट, बेलगावी, धारवाड़, गदग, हावेरी और कोप्पल जिलों में एक से नौ मई के बीच तापमान 40 से 46 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने का अनुमान है।

निगरानी केंद्र ने यह भी बताया कि पिछले सात वर्ष – 2017 और 2024 के बीच – में कर्नाटक में दर्ज किए गए अधिकतम तापमान की तुलना करने पर 30 अप्रैल, 2024 को सबसे अधिक 45.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। हालांकि आईएमडी के अनुसार, गंभीर स्तर की गर्मी के लिए 'रेड अलर्ट' तभी जारी किया जाता है जब वास्तविक अधिकतम तापमान 47 डिग्री सेल्सियस से अधिक हो जाता है। प्राकृतिक आपदा प्रबंधन केंद्र ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कहा कि अधिकतम तापमान इसी स्तर पर जारी रहने का अनुमान है और छह मई तक उत्तर आंतरिक कर्नाटक (एनआईके) के जिलों जैसे रायचूर, कलबुर्गी, यादगीर, बेल्लारी और विजयपुरा जिलों के कुछ हिस्सों में यह 40 से 46 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहेगा। केएसएनडीएमसी के अनुसार, सात मई से राज्य में अधिकतम तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस की कमी आने का अनुमान है।



# नेहा हिरेमठ के पिता ने अमित शाह से की मुलाकात

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

हुब्बल्ली। यहां बुधवार को प्यार से इनकार करने पर मारी गई नेहा हिरेमठ के मामले में न्याय की मांग करते हुए उनके पिता निरंजन हिरेमठ ने न्याय की गुहार लगाते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को याचिका सौंपी गई है। नेहा के माता–पिता सीधे अमित शाह से मिले, जो आज भाजपा उम्मीदवार प्रल्हाद जोशी के लिए प्रचार करने हुब्बल्ली आए थे और उन्होंने एक अपील पत्र उन्हें सौंपा। नेहा के परिजनों ने यहां नेहरू मैदान में मंच के पीछे गृह मंत्री से मुलाकात की और अपनी बेटी की हत्या के बारे में पूरी जानकारी दी। नेहा के पिता निरंजन हिरेमठ ने अमित शाह के सामने अपना दुख व्यक्त करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्षद होने के बावजूद उन्हें अपनी बेटी की हत्या के मामले में उचित न्याय नहीं मिल रहा है। पार्षद निरंजन ने केंद्रीय गृह मंत्री को बेटी नेहा की हत्या की पृष्ठभूमि और अब तक के घटनाक्रम के बारे में बताया। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने न केवल नेहा के माता–पिता को सांत्वना दी, बल्कि उन्हें चिंता न करने का आश्वासन भी दिया।

इस अवसर पर केंद्रीय संसदीय मंत्री प्रल्हाद जोशी, विधायक महेश तेंगिनाकाई, अरविंदा बेलाद और अन्य महत्वपूर्ण लोग उपस्थित थे।



बुधवार को यादगीर में 'प्रजाध्वनि–2' के तहत कांग्रेस के चुनाव प्रचार के दौरान कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, मुख्यमंत्री सिद्दरामैया, उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार समारोह में भाग लेते हुए।

# खरगे ने प्रधानमंत्री मोदी पर निशाना साधा, संविधान बचाने के लिए लोगों से एकजुट होने को कहा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

यादगिर। कांग्रेस प्रमुख मल्लिकार्जुन खरगे ने बुधवार को मतदाताओं से ''मोदी हटाओ, देश बचाओ'' के नारे के साथ आगे बढ़ने का आह्वान किया और उनसे लोकसभा चुनाव में कांग्रेस उम्मीदवारों को चुनकर देश में संविधान और लोकतंत्र को बचाने के लिए एकजुट होने का आग्रह किया। खरगे यहां कर्नाटक में लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के तहत सात मई को होने वाले मतदान के लिए कांग्रेस उम्मीदवार के समर्थन में एक जनसभा को संबोधित कर रहे थे। खरगे ने प्रधानमंत्री मोदी पर लोगों को भड़काने का आरोप लगाते हुए कहा कि मोदी ''हर बात पर हिंदू–मुसलमान करते रहते हैं, यह (यादगिर) निजाम (हैदराबाद) की रियासत का एक हिस्सा था। यहां हिंदू और मुस्लिम एक साथ रहे और एक–दूसरे के पर्वों को एक साथ मनाते रहे हैं। यहां कई हिंदुओं के नाम मुस्लिम नाम की तरह थे, उदाहरण के तौर पर नवाज रेड्डी।''

उन्होंने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा, ''यहां कभी भी (समुदायों के बीच) झगड़े नहीं हुए। मोदी दरार पैदा करने आए हैं। जो लोग एक–दूसरे पर भरोसा करके साथ रह रहे हैं, उनके बीच मोदी दरार पैदा कर रहे हैं।'' खरगे ने कहा कांग्रेस देश में जातिगत जनगणना कराना चाहती है। उन्होंने कहा, ''इसका मकसद यह जानना है कि एक परिवार में कितने स्नातक हैं, यह जानना है कि परिवार के पास जमीन है या नहीं? उनकी आय क्या है?– यह जानने के लिए हम जाति जनगणना करना चाहते हैं।''

कांग्रेस नेता ने कहा, ''लेकिन, मोदी लोगों से कह रहे हैं कि कांग्रेस एक्स–रे कराना चाहती है। वह कह रहे हैं कि कांग्रेस यह जानना चाहती है कि प्रत्येक परिवार के पास कितना सोना और जमीन है। वह कह रहे हैं कि आपका 'मंगलसूत्र' भी छीन लिया जाएगा और मुसलमानों को दे दिया जाएगा।'' उन्होंने कहा, ''हमारे पास संविधान और हमें इसकी सुरक्षा प्रदान है। हम इसे (जाति जनगणना) करेंगे। ये लोकतंत्र है मोदी जी, तानाशाही या निरंकुशता नहीं। मुझे नहीं पता कि आप भ्रम में हैं या किसी और चीज में।'' मुख्यमंत्री सिद्धरमैया, उपमुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार और पार्टी के अन्य नेता इस दौरान मौजूद रहे। खरगे ने कहा कि कर्नाटक में कांग्रेस सरकार द्वारा दी गई पांच 'गारंटी' महिलाओं, युवाओं और किसानों के लिए एक ''बड़ी सौगात'' है और इसके लिए उन्होंने मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री और सरकार की सराहना की। उन्होंने कहा, ''जहां भी कांग्रेस पार्टी की सरकार है, वहां अपने वादों को पूरा किया है, लेकिन जहां भी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार है, वहां प्रधानमंत्री मोदी ने सिर्फ बोलने के अलावा किसी को कुछ नहीं दिया।'' कांग्रेस प्रमुख ने कहा, ''मोदी का काम कांग्रेस, गांधी परिवार और मुझे निशाना बनाना है।'' खरगे ने कहा, ''हम मोदी को निशाना नहीं बनाना चाहते, लेकिन हम उनका नाम लेने के लिए मजबूर हैं, क्योंकि वह खुद भी और भाजपा, दोनों ही हर चीज का श्रेय मोदी को देते हैं।'' उन्होंने कहा, ''वे (भाजपा) कहते हैं 'मोदी की गारंटी'। कहां है 'मोदी की गारंटी'? हमारी गारंटी लोगों तक पहुंची है और आप लोग इसके साक्ष्य हैं, लेकिन मोदी की गारंटी कहां है? उन्होंने हर साल दो करोड़ नौकरियां, हर बैंक खाते में 15 लाख रुपये देने का वादा किया था– क्या ऐसा हुआ? वह (मोदी) कभी भी अपने वादे पूरे नहीं करते, केवल झूठ बोलते हैं, इसलिए मैंने उनका नाम 'सुलिना सरदार' (झूठ का भगवान) रख दिया है।''

# देवेगौड़ा ने अपने पोते प्रज्ज्वल रेवन्ना को विदेश भगा दिया : सिद्दरामैया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

यादगीर। मुख्यमंत्री सिद्दरामैया ने बुधवार को कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री एच डी देवेगौड़ा ने अपने पोते प्रज्ज्वल रेवन्ना को विदेश भगा दिया। रायचूर लोकसभा सीट के लिए कांग्रेस उम्मीदवार जी. कुमार नाइक के लिए वोट मांगते हुए यादगीर में पत्रकारों से बात करते हुए सीएम ने कहा कि मामला सामने आने के बाद देवेगौड़ा ने देश से बाहर जाने की योजना बनाई थी।

मुख्यमंत्री सिद्दरामैया ने उन आरोपों का भी खंडन किया जिसमें कहा जा रहा था कि उपमुख्यमंत्री और कर्नाटक कांग्रेस अध्यक्ष डीके शिवकुमार भी इसमें शामिल थे। क्योंकि वही इस मामले को उजागर करने वाले सबसे पहले व्यक्ति थे। मुख्यमंत्री सिद्दरामैया ने कहा कि प्रज्ज्वल रेवन्ना का कार्तिक नाम का एक कार ड्राइवर था। कार्तिक ने खुद दावा किया था कि उन्होंने पेन ड्राइव एक बीजेपी नेता को दी थी। ऐसे में पूर्व मुख्यमंत्री एचडी कुमारस्वामी राजनीतिक कारणों से शिवकुमार पर आरोप लगा रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रज्ज्वल को टिकट क्यों दिया गया, जबकि उनके बारे में सब कुछ पता था। मामले की जांच के लिए विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया गया है। एसआईटी अधिकारी मामले की पारदर्शी तरीके से जांच करेंगे। किसी को बचाने का कोई सवाल ही नहीं है। उन्होंने आगे कहा कि महिला एवं बाल कल्याण मंत्री लक्ष्मी हेब्बालकर ने आरोप लगाया था कि प्रज्ज्वल रेवन्ना ने



300 से 400 महिलाओं के खिलाफ क्रूरता बरती है। पीड़ितों की उम्र 16 साल से 50 साल के बीच है। आरोपी एक विकृत यौन अपराधी है।

एसआईटी ने मंगलवार 30 अप्रैल को प्रज्ज्वल रेवन्ना को 24 घंटे के भीतर एजेंसी के सामने पेश होने का नोटिस जारी किया है। राज्य के गृह मंत्री डॉ. जी. परमेश्वर ने कहा कि नोटिस सीआरपीसी धारा 41ए के तहत जारी किया गया है और प्रावधान के अनुसार, आरोपी को 24 घंटे के भीतर उपस्थित होना होगा।

अन्यथा अधिकारी आगे की कार्रवाई शुरू करेंगे। सूत्रों के मुताबिक, प्रज्ज्वल के शुक्रवार को बेंगलूरु पहुंचने की उम्मीद है और एसआईटी उन्हें हिरासत में ले सकती है।

# किसी को भी बचाने का कोई सवाल नहीं : गृहमंत्री डॉ. परमेश्वर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। कर्नाटक के गृह मंत्री जी परमेश्वर ने बुधवार को कहा कि हासन से सांसद प्रज्ज्वल रेवन्ना से जुड़े कथित 'सेक्स स्कैंडल' में उन्हें या अन्य किसी को बचाने का कोई प्रश्न नहीं उठता और विशेष जांच दल (एसआईटी) बनाकर कानून के अनुरूप कार्रवाई शुरू कर दी गई है। वह केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के मंगलवार को दिए इस बयान पर प्रतिक्रिया दे रहे थे कि कांग्रेस ने प्रज्ज्वल रेवन्ना के खिलाफ कोई कार्रवाई क्यों नहीं की।



कथित तौर पर प्रज्ज्वल रेवन्ना से जुड़े कुछ अश्लील वीडियो क्लिप हाल ही में हासन में सामने आने लगे थे, जिसके बाद राज्य सरकार ने सांसद से जुड़े कथित 'सेक्स स्कैंडल' की जांच के लिए एक एसआईटी का गठन किया था। एसआईटी ने मंगलवार को प्रज्ज्वल और उनके पिता रेवन्ना को नोटिस जारी किया और जांच के लिए पेश होने का निर्देश दिया। उनके घर में काम करने वाली एक महिला की शिकायत पर कथित यौन उत्पीड़न का मामला 28 अप्रैल को हासन जिले के होलेनरसीपुरा थाने में दर्ज किया गया था।

परमेश्वर ने एक प्रश्न के उत्तर में कहा, ''किसी को भी अचानक गिरफ्तार नहीं कर लिया जाता। शिकायतों, साक्ष्य, लगाई गई धाराएं और ये जमानती हैं या गैर–जमानती आदि सभी पहलुओं पर विचार किया जाएगा। इसलिए एसआईटी ने दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 41ए के तहत नोटिस जारी किया है। उन्हें (रेवन्ना और प्रज्ज्वल को) 24 घंटे के अंदर पेश होना होगा और यदि वे ऐसा नहीं करते तो आगे की प्रक्रिया अपनाई जाएगी।''

## यौन उत्पीड़न के मामले में सच्चाई की जीत होगी : प्रज्ज्वल रेवन्ना

बेंगलूरु। महिलाओं का यौन शोषण करने के आरोपों से घिरे हासन लोकसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) एवं जनता दल सेक्युलर (जदएस) गठबंधन के प्रत्याशी प्रज्ज्वल रेवन्ना ने मामले पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि सच्चाई की जीत होगी। वह कई महिलाओं के कथित यौन उत्पीड़न को लेकर जांच का सामना कर रहे हैं। वह हासन के मौजूदा सांसद हैं। हासन में मतदान होने के तुरंत बाद विदेश गये रेवन्ना ने मामले की जांच कर रही विशेष जांच टीम (एसआईटी) के समक्ष उपस्थित होने के लिए सात दिन का समय मांगा है। कर्नाटक पुलिस ने उनसे कथित रूप से जुड़े करीब 3000 अश्लील वीडियो एवं तस्वीर वायरल होने के बाद पूरे प्रकरण की जांच के लिए एसआईटी गठित की है।

पूर्व प्रधानमंत्री एवं जदएस के शीर्षस्थ नेता एचडी देवेगौड़ा के पोते प्रज्ज्वल ने सोशल मीडिया मंच 'फेसबुक' पर जारी एक पोस्ट में कहा, !!मैं जांच में शामिल होने के लिए बेंगलूरु में नहीं हूं और मैंने अपने वकील के माध्यम से सीआईडी बेंगलूरु को यह बता दिया है।





# 'इस्कॉन' में महाकुंभाभिषेकम का उत्सव आज

बेंगलूरु/दक्षिण भारत। वार्षिक ब्रह्मोत्सव के हिस्से के रूप में बुधवार को वेस्ट ऑफ कार्ड रोड स्थित इस्कॉन मंदिर में ब्रह्मरथोत्सव का आयोजन किया गया। आज के दिन वर्ष 1997 में हरे कृष्णा हिल्स पर दिव्य भव्य मूर्तियों की स्थापना हुई थी उसकी की याद के स्वरूप श्री राधा कृष्णचंद्र, श्री कृष्ण बलराम और श्री निताई गौरांग की मूर्तियों को ब्रह्म रथ में मंदिर के चारों ओर घुमाया जाता है। ब्रह्मरथोत्सव के अवसर पर श्री राधा कृष्णचंद्र का विशेष श्रृंगार किया गया और 108 प्रकार के विशेष प्रसाद अर्पित कर भक्तों को वितरित किये गये।

तेरह दिवसीय इस कार्यक्रम में अनेक आध्यात्मिक संत एवं सम्मानित अतिथियों ने पूरे देश से भाग लिया। 21 अप्रैल से चल रहे इस उत्सव का 3 मई को समापन होगा। 2 मई को महाकुंभाभिषेकम मूल मूर्तियों को समर्पित किया जाएगा।

यह 12 वर्षों में एक बार किया जाने वाला एक विस्तृत अभिषेकम है। अगले दिन कल्याणी में देवता के लिए एक भव्य टेपोत्सव आयोजित किया जाता है। महोत्सव का समापन 3 मई को ध्वजारोहण समारोह के साथ होगा। इस्कॉन बेंगलूरु के अध्यक्ष मधु पंडित दासरूने कहा, मैं इस्कॉन बेंगलूरु के वार्षिक ब्रह्मोत्सव और रजत महोत्सव समारोह में भाग लेने वाले लाखों भक्तों को देखकर बेहद खुश हूं। श्री राधा कृष्णचंद्र ने सभी पर अपनी दया प्रदान करने के लिए हरे कृष्ण हिल्स पर निवास किया है। हमने ब्रह्मा रथोत्सव का आयोजन किया है।

## विजयेन्द्र ने कांग्रेस सरकार पर साधा निशाना

बेंगलूरु। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कर्नाटक प्रदेश अध्यक्ष विजयेंद्र येडीयुरप्पा ने बुधवार को कांग्रेस सरकार के दौरान पीड़ित किसानों के लिये आवंटित धन के दुरुपयोग पर चिंता जतायी। विजयेंद्र ने 'एक्स' पर लिखा कि यह जांच का विषय है कि राज्य में गंभीर सूखे के बीच दलितों, पिछड़े वर्ग और किसानों के लिए आवंटित धन का राजनीतिक तुष्टिकरण के लिए दुरुपयोग किया गया? उन्होंने राज्य भर में सूखे से पीड़ित किसानों की स्थिति पर दुख जताया। उन्होंने कहा कि स्थिति की गंभीरता के बावजूद, राहत प्रयास कम हो गए हैं। उन्होंने कहा, राज्य में अत्यधिक सूखे के बावजूद, एक भी गौशाला नहीं खोली गई। कांग्रेस सरकार, जो बेंगलुरु में पीने के पानी के टैंकर माफिया पर रोक लगाने में विफल रही है और राज्य के किसानों के साथ खड़े होने में भी विफल रही है, जो गंभीर सूखे से पीड़ित है। किसानों के प्रति एकजुटता व्यक्त करते हुए, विजयेंद्र ने पिछले सात महीनों में सरकार द्वारा किए गए खोखले वादों की निंदा की।



# अमित शाह ने हावेरी में रोड शो किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

हावेरी। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कर्नाटक में सात मई को होने वाले लोकसभा चुनाव से पहले पार्टी उम्मीदवार के लिए चुनाव प्रचार के तहत बुधवार को हावेरी शहर में रोड शो किया। इस दौरान मौजूद लोगों ने 'जय श्री राम' और 'भारत माता की जय' के नारे लगाए। रोड शो में भारतीय जनता पार्टी(भाजपा) और जनता दल (सेक्युलर) के कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

भाजपा कर्नाटक की 25 सीट पर चुनाव लड़ रही है जबकि इसकी सहयोगी जद (एस) तीन सीट पर चुनाव लड़ रही है। भाजपा ने पूर्व प्रधानमंत्री और जद (एस) के संरक्षक एचडी देवेगौड़ा के दामाद और प्रसिद्ध हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. सीएन मंजूनाथ को भी टिकट दिया है। रोड शो के अंत में गृह मंत्री ने लोगों से हावेरी सीट से भाजपा प्रत्याशी बसवराज बोम्मई को वोट देने की अपील की।

# पूर्व प्रधानमंत्री देवेगौड़ा के बेटे रेवन्ना यौन उत्पीड़न के आरोपों की काट अनुष्ठान में ढूंढ़ रहे

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

होलेनरसीपुरा। जनता दल (सेक्युलर) विधायक एवं कर्नाटक के पूर्व मंत्री एच डी रेवन्ना के स्थानीय आवास पर बुधवार को चिलचिलाती गर्मी में 'हवन' का धुआं उठता नजर आ रहा था। संभवत: वह यौन उत्पीड़न के आरोपों की काट अनुष्ठान में ढूंढ़ रहे हैं। पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा के बेटे एचडी रेवन्ना को देवी–देवताओं, अनुष्ठानों और ज्योतिष पर बहुत भरोसा है, लेकिन होलेनरसीपुरा के लिए रवाना होने से पहले बेंगलूरु में पत्रकारों से बात करते हुए रेवन्ना ने कहा कि विशेष कार्य बल (एसआईटी) ने उनके घर पर एक नोटिस चस्पा किया है। उन्होंने कहा कि उनको नोटिस की सामग्री के बारे में कोई जानकारी नहीं है, लेकिन वह अधिकारियों के साथ सहयोग करेंगे।

रेवन्ना ने कहा, ''मेरे पास इन साजिशों का मुकाबला करने की क्षमता है। मैं इसका (जांच) सामना करूंगा। परेशानी की कोई बात नहीं है। मैंने कुछ गलत नहीं कहा। मैं किसी भी जांच के लिए तैयार हूं और इसके खिलाफ कानूनी रूप से लड़ाई लड़ूंगा।'' सभी आरोपों को खारिज करते हुए उन्होंने कहा, ''अब मैं इसके बारे में बात नहीं करूंगा।'' इस बीच एसआईटी ने मामले की जांच के लिए तीन टीम गठित की है।

होलेनरसीपुरा से जद (एस) के विधायक एचडी रेवन्ना पूर्व प्रधानमंत्री और जद (एस) के संरक्षक एचडी देवेगौड़ा के बेटे और पूर्व मुख्यमंत्री एचडी कुमारस्वामी के बड़े भाई हैं। यौन आरोपों से घिरे



प्रज्ज्वल, एच. डी. रवन्ना के बेटे हैं और जद (एस) से हासन से फिर से चुनाव लड़ रहे हैं। जद (एस) कर्नाटक में राजग का सहयोगी दल है। दूसरे चरण के चुनाव से ठीक पहले कथित तौर पर उनसे संबंधित बड़ी संख्या में अपत्तिजनक वीडियो और तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो गईं, जिसके बाद कर्नाटक सरकार ने कर्नाटक राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष नागलक्ष्मी चौधरी के अनुरोध पर एसआईटी का गठन किया। एच. डी. रेवन्ना और उनके बेटे प्रज्ज्वल रेवन्ना के खिलाफ उनकी पूर्व रसोइया और रिश्तेदार की शिकायत पर होलेनरसीपुरा में कथित तौर पर यौन उत्पीड़न का मामला दर्ज किया गया है।

महिला ने आरोप लगाया है कि प्रज्ज्वल ने उनकी बेटी को वीडियो कॉल करके आपत्तिजनक तरीके से बात की, जिसके कारण उसने उन्हें 'ब्लॉक' कर दिया। हासन जिले में रेवन्ना के आवास पर पुजारी सुबह से ही अनुष्ठान करने में व्यस्त थे, ताकि उनके परिवार पर 'आई विपत्ति' को दूर किया जा सके। रेवन्ना का देवी–देवताओं, अनुष्ठानों और ज्योतिष पर भरोसा जगजाहिर है। एक बार जद (एस) विधायक को एक सार्वजनिक कार्यक्रम के दौरान मंच पर हाथ में नींबू पकड़े देखा गया था। जब उनसे इस बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि नींबू में किसी भी व्यक्ति पर किए गए किसी भी प्रकार के जादू–टोने को दूर करने का गुण होता है।

कभी–कभी उन्हें अपनी मनोकामना पूरी होने की मन्नत के तहत नंगे पैर चलते हुए भी देखा जाता था। जब वह कुमारस्वामी के नेतृत्व वाली कांग्रेस–जद(एस) की गठबंधन सरकार में लोक निर्माण मंत्री थे तब एक ज्योतिषी ने उन्हें बेंगलूरु स्थित उनके घर में न रहने की सलाह दी थी, क्योंकि यह उनके दुर्भाग्य का कारण बनेगा, इसके बाद वह 350 किमी दूर स्थित होलेनरसीपुरा से बेंगलूरु आते–जाते थे। कोई भी उनके ललाट पर 'चौड़े तिलक', गले की रुद्राक्ष माला और उंगलियों में रत्न जड़ित अंगूठियों को नहीं भूल सकता।

# बढ़ते आत्महत्या के मामलों के मद्देनजर कोटा के जिलाधिकारी ने लिखा अभिभावकों को पत्र


दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

कोटा। विद्यार्थियों की आत्महत्या के बढ़ते मामलों के मद्देनजर कोटा के जिलाधिकारी डॉ. रविंदर गोस्वामी ने राष्ट्रीय पात्रता-सह-प्रवेश परीक्षा (एनईईटी) और संयुक्त प्रवेश परीक्षा (जेईई) की तैयारी करने वाले छात्रों और उनके माता-पिता को अलग-अलग पत्र लिखा और कई साल पहले प्री-मेडिकल टेस्ट (पीएमटी) में असफल होने का अपना उदाहरण दिया। आईएएस अधिकारी बनने से पहले गोस्वामी एमबीबीएस डॉक्टर (एमबीबीएस) थे। गोस्वामी ने मंगलवार को लिखे पत्र में कहा कि असफलता सुधार करने और उसे सफलता में बदलने का एक अवसर है। उन्होंने अभिभावकों से आग्रह किया कि वे अपने बच्चों को उनकी गलतियां सुधारने का मौका दें और बच्चों की खुशी को परीक्षा में प्राप्त अंकों से न जोड़ें।

उर्दू के शायर साहिर लुधियानवी की एक शायरी का हवाला देते हुए गोस्वामी ने विद्यार्थियों को 'प्रिय बच्चों' कहते हुए अपना संबोधन शुरू किया। उन्होंने कहा कि असफलताएं व्यक्ति को जीवन में की गई गलतियों पर काबू पाने और असफलताओं को सफलता में बदलने का अवसर देती हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि परीक्षा जीवन का केवल एक चरण है। यह अंतिम लक्ष्य नहीं है और यह किसी के जीवन की दिशा निर्धारित नहीं कर सकती। जिलाधिकारी ने कहा, मैं इसका उदाहरण हूं। मैं भी पीएमटी में फेल हो गया था, उन्होंने छात्रों को लिखे पत्र में कहा, हम केवल कड़ी मेहनत कर सकते हैं और यह भगवान पर निर्भर है कि वह हमें फल प्रदान करे। अगर वह हमें सफल बनाता है, तो ठीक है, लेकिन अगर वह हमें असफल बनाता है, तो इसका मतलब है कि वह हमारे लिए दूसरा रास्ता बना रहा है।

गोस्वामी ने लिखा, आप महान भारत के महान बच्चे हैं और अपने लक्ष्य को हासिल करने के लिए केवल एक परीक्षा को अंतिम परीक्षा नहीं माना जा सकता। उन्होंने छात्रों को लिखे अपने पत्र का अंत यह कहते हुए किया कि यदि कोई चलता है, तो गिरता है, लेकिन यह तभी सार्थक है जब कोई गिरकर उठता है और लक्ष्य प्राप्त करने की दिशा में आगे बढ़ता है।

इसी तरह माता-पिता को एक अलग पत्र में जिलाधिकारी ने अपने बच्चों को सभी सुविधाएं प्रदान करने में उनकी प्रतिबद्धता की सराहना की। उन्होंने माना कि उनकी ख़ुशी उनके बच्चों की ख़ुशी में निहित है, लेकिन उन्होंने कहा कि समस्या तब उत्पन्न होती है जब बच्चों की ख़ुशी परीक्षा में प्राप्त अंकों से जुड़ी होती है।



# नांदसी के एक बूथ पर आज पुनर्मतदान को देखते हुए धारा 144 लागू

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

अजमेर। राजस्थान में अजमेर संसदीय क्षेत्र में लोकसभा चुनाव 2024 के लिये चुनाव आयोग के निर्देश के बाद मसूदा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम नांदसी के एक बूथ पर दो मई को पुनर्मतदान को देखते हुये क्षेत्र में धारा 144 लागू की गयी है। केकड़ी जिला मजिस्ट्रेट ने बुधवार को यह आदेश जारी किये। चुनाव आयोग द्वारा अजमेर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र (13) के विधानसभा क्षेत्र मसूदा के मतदान केन्द्र राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कमरा नं. 1 नांदसी तहसील भिनाय जिला केकड़ी पर 26 अप्रैल को हुये मतदान को शून्य घोषित करके पुनर्मतदान का निर्णय लिया गया है। पुनर्मतदान के लिये दो मई को प्रातः सात बजे से सायं पांच बजे तक समय निश्चित किया गया है। इस बूथ पर 753 मतदाता बताये जा रहे हैं। केकड़ी जिला मजिस्ट्रेट श्वेता चौहान ने धारा 144 प्रभावी करते हुये मतदान केन्द्र पर चुनाव शांतिपूर्वक, स्वतन्त्र, निष्पक्ष एवं सुव्यवस्थित ढंग से सम्पन्न कराया जाना सुनिश्चित किया है।

ताकि मतदाता बिना किसी आतंक एवं भय के अपने संवैधानिक मताधिकार का प्रयोग कर सके। उल्लेखनीय है कि 26 अप्रैल को मतदान के बाद मतदान रेकॉर्ड रजिस्टर खोने की सूचना को केन्द्रीय निर्वाचन विभाग ने गम्भीरता से लेते हुये पुनः मतदान के आदेश दिये हैं।

## अगले 48 घंटों में और बढ़ेगी गर्मी, 4 मई के बाद बारिश होने से मिल सकती है राहत



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। मई महीने की शुरुआत के साथ ही प्रदेश में गर्मी का प्रकोप और तेज होने जा रहा है। मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि अगले 48 घंटों में राजस्थान के कई जिलों में तापमान में 2 से 3 डिग्री तक बढ़ेगा हालांकि इसके बाद पश्चिमी राजस्थान के कुछ इलाकों में हल्की बारिश और बूंदाबांदी से तापमान में थोड़ी राहत मिल सकती है।

4 मई से राजस्थान में नया वेदर सिस्टम एक्टिव होने की संभावना के चलते इससे प्रदेश के कई जिलों में बारिश और बूंदाबांदी हो सकती है। हालांकि पिछले दो दिनों की तुलना में मंगलवार को तापमान 5 डिग्री सेल्सियस तक कम दर्ज किया गया।

राजधानी जयपुर में अगले एक-दो दिनों तक तापमान में मामूली गिरावट देखने को मिल सकती है लेकिन इसके बाद यहां तापमान में इजाफा होगा। मई के दूसरे सप्ताह में यहां तापमान 42 डिग्री को पार करने की संभावना है। पश्चिमी विक्षोभ के असर से 4 व 5 मई को जयपुर, भरतपुर, जोधपुर और बीकानेर संभाग में हल्की वर्षा की संभावना जताई जा रही है। बहरहाल गर्मी से हाल बेहाल हैं, चिलचिलाती धूप ने लोगों का घर से निकलना दूभर कर दिया है।



# मुख्य सचिव ने भारतीय प्रशासनिक सेवा के प्रशिक्षु अधिकारियों से किया संवाद

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर, एक मई। मुख्य सचिव सुधांश पंत ने कहा कि प्रशासनिक अधिकारियों को हमेशा सकारात्मक दृष्टिकोण, साफ नीयत और ईमानदारी से काम करना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारतीय प्रशासनिक सेवा विभिन्न क्षेत्रों में कार्य करने का अवसर देती है, इसका लाभ उठाकर सदा सीखने की ललक रखनी चाहिए। उन्हें आमजन के जीवन को बेहतर एवं सरल बनाने के लिए बिना अहम के नई संभावनाओं को तलाशते रहना चाहिये।

पंत बुधवार को शासन सचिवालय में भारतीय प्रशासनिक सेवा-2023 बैच के प्रशिक्षु अधिकारियों से संवाद कर रहे थे। इस दौरान मुख्य सचिव ने प्रशिक्षु अधिकारियों से परिचय कर उनसे अनुभव भी पूछे। मुख्य सचिव ने भी इन अधिकारियों के साथ डिस्ट्रिक्ट ट्रैनिंग के अपने अनुभव साझा किये। उन्होंने बताया कि ट्रैनिंग के दौरान उन्हें कई अनुभवी एवं कर्मठ अधिकारियों का सानिध्य मिला एवं उनसे सीखी हुई बारीकियों ने चुनौतियों से पार पाने की दिशा में हमेशा पथ प्रदर्शक का काम किया।

मुख्य सचिव ने कहा कि राजस्थान विविधताओं से भरा प्रदेश है जहाँ नवीकरणीय ऊर्जा, पर्यटन, खनिज, पेयजल, सिंचाई, आदि के क्षेत्र में चुनौतियों के साथ-साथ सम्भावनायें भी मौजूद हैं। इस दिशा में हम प्रदेश के विकास की सोच के साथ आगे बढ़कर काम कर सकते हैं। उन्होंने प्रशिक्षु अधिकारियों को उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाए दी।

इस दौरान वर्ष 2023 बैच के राजस्थान कैडर के 9 प्रशिक्षु अधिकारी अक्षत कुमार सिंह, अवुला साईकृष्णा, नयन गौतम, भरत जय प्रकाश मीना, महिमा कसाना, माधव भारद्वाज, रजत यादव, राहुल श्रीवास्तव और सोनू कुमारी उपस्थित रहे।



# मिश्र ने गुजरात और महाराष्ट्र के स्थानीय लोगों से किया संवाद

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान के राज्यपाल कलराज मिश्र ने गुजरात और महाराष्ट्र राज्य के स्थापना दिवस पर दोनों राज्यों के स्थानीय लोगों से बुधवार को यहां संवाद किया। राजभवन में गुजरात और महाराष्ट्र स्थापना दिवस समारोह पूर्वक मनाया गया और इस अवसर पर मिश्र ने इन राज्यों के लोगों से संवाद कर उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र और गुजरात के भाषायी आधार पर अलग राज्य बनने के बाद से ही दोनों ने राष्ट्रीय प्रगति में निरंतर महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उन्होंने गुजरात और महाराष्ट्र को स्वाधीनता आंदोलन की उर्वर भूमि बताते हुए सरदार पटेल, महात्मा गांधी, लोकमान्य तिलक आदि का भी स्मरण किया।

राज्यपाल ने कहा कि गुजरात भगवान शिव का पवित्र धाम सोमनाथ है तो यही भगवान कृष्ण की द्वारिका भी है। उन्होंने कहा कि औद्योगिक विकास के साथ गुजरात ने देशभर में अपनी उत्सवधर्मी सांस्कृतिक, सामाजिक परम्पराओं से भी विशिष्ट पहचान बनाई है। उन्होंने महाराष्ट्र को अध्यात्म, दर्शन और संत परम्पराओं की धरती बताते हुए कहा कि संत तुकाराम, स्वामी समर्थ रामदास जी जैसे संतों की इस धरती पर ही छत्रपति शिवाजी, सावरकर, डॉ. भीमराव आम्बेडकर जैसे व्यक्तित्वो ने समाज में सकारात्मक बदलाव की पहल की। मिश्र ने भारतीय संविधान की उद्देशिका के आरंभिक वाक्य 'हम भारत के लोग' की चर्चा करते हुए कहा कि संविधान ने हमे अधिकार दिए हैं तो कर्तव्य भी प्रदान किए हैं। इनके संतुलन से ही जीवन के उदात मूल्यों से भारत आगे बढ़ा है। उन्होंने संविधान को पवित्र मानते हुए सबको संवैधानिक मूल्यों के लिए कार्य करने का आहवान किया।

उन्होंने संविधान की मूल प्रति पर उकेरे चित्रों की चर्चा करते हुए समरसता की भारतीय संस्कृति के लिए सबको मिलकर कार्य करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' के अंर्तगत राज्यों के स्थापना दिवस विविधता में एकता की हमारी अनूठी संस्कृति के संवाहक है। उन्होंने अतीत की परम्पराओं को सहेजते हुए दोनों ही प्रदेशों की समृद्धि और खुशहाली की कामना की। आरंभ में उन्होंने संविधान की उद्देशिका का वाचन कराया और मूल कर्तव्य पढ़कर सुनाए। इस मौके पर राज्यपाल के सचिव गौरव गोयल और प्रमुख विशेषाधिकारी गोविंदराम जायसवाल भी मौजूद थे।

## बीकानेर में तीन विचाराधीन कैदियों ने जेलर पर हमला किया

बीकानेर। बीकानेर केंद्रीय जेल में तीन विचाराधीन कैदियों ने जेलर पर हमला कर दिया । तीनों कैदियों के खिलाफ बीछवाल थाने में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, घटना मंगलवार की रात जेल परिसर में उस समय घटी जब जेलर सूर्यनारायण सोनी गश्त पर थे। तभी जेल अस्पताल से लौटते समय तीन कैदी मोहम्मद समीर, अफरीद खान और सालेह मोहम्मद ने जेलर को धक्का दिया और जमीन पर गिराने के बाद उनकी पिटाई की। बीछवाल थानाधिकारी नरेश कुमार निर्वाण ने बुधवार को बताया यह घटना कल सेंट्रल जेल में हुई। जेल प्रशासन ने तीन विचाराधीन कैदियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

जेलर पर हुए अचानक हमले के बाद आसपास काम कर रहे अन्य कैदी और जेल प्रहरी घटना स्थल पर पहुंचे और जेलर और कैदियों को अलग किया। पुलिस ने बताया कि तीनों कैदी किसी बात को लेकर जेलर से नाराज थे और आरोपियों से पूछताछ के बाद वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा। पुलिस मामले की जांच कर रही हैं ।



# इंडियन कोस्ट गार्ड पेपर में नकल कराने वाले गिरोह के छह आरोपी गिरफ्तार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

कोटा। कोटा जिले की विज्ञान नगर थाना पुलिस एवं एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स ने बड़ी कार्रवाई करते हुए इंडियन कोस्ट गार्ड के पेपर में नकल करवाने वाले गिरोह का पर्दाफाश कर छह आरोपियों को गिरफ्तार कर मोबाइल व एक क्रेटा कार जब्त की है। मोबाइल में परीक्षा के एडमिट कार्ड व प्रश्न पत्र की सामग्री पाई गई है।

एसपी डॉ अमृता दुहन ने बताया कि आरोपी अशोक जाट पुत्र रामसिंह (38) निवासी बांगड़वा थाना हम्मीरवास चुरु, संदीप बुडालिया पुत्र रामचन्द्र जाट (29) निवासी बरालू थाना लोहारु जिला भिवानी हरियाणा, प्रतीक गजराज पुत्र कर्मवीर जाट (24) निवासी पालोता थाना सिंघाना जिला झुन्झुनु, रणवीर सिंह पुत्र सुमेर सिंह राजपूत (32) निवासी काटधनोरी जिला झुन्झुनु, अशोक यादव पुत्र श्याम लाल (29) निवासी गोपाल की ढाणी थाना पचेरी जिला झुन्झुनु व राहुल जाखड़ पुत्र रामावतार (21) निवासी धमोरा थाना गुढागोड़जी झुन्झुनु है।

एसपी दुहन ने बताया कि 23 अप्रैल को मुखबिर से सूचना मिली थी कि राजरानी टावर आईटी पार्क के पास कुछ व्यक्ति सन्दिग्ध अवस्था में घूम रहे हैं, जो पेपर लीक गिरोह के सदस्य हो सकते हैं। सूचना पर पुलिस टीम तुरंत मौके पर पहुंची और एक क्रेटा कार में सवार इन छह आरोपियों को पकड़ पूछताछ की तो सामने आया कि ये इंडियन कोस्ट गार्ड के पेपर लीक करने कोटा आए थे। तलाशी में इनके पास मिले मोबाइल में एडमिट कार्ड व परीक्षा के प्रश्न पत्र इत्यादि सामग्री पाई गई।

इस पर थाना विज्ञान नगर में मुकदमा दर्ज कर जांच अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महिला अनुसंधान सेल नियति शर्मा को सौंपी गई व एक एसआईटी का भी गठन किया गया। आरोपियों के पास से जब्त किए गए मोबाइल में मिले एडमिट कार्ड व परीक्षा के प्रश्न पत्र की सामग्री के संबंध में पूछताछ की गई तो इन्होंने बताया कि ये परीक्षा केन्द्र पर बैठे अभ्यर्थी के कम्प्यूटर को हैक कर उसके प्रश्न पत्र को हल करते है, अभ्यर्थी के कम्प्यूटर को हैक करने के लिये रिमोट एक्सेस एप RealVNC Viewer तथा anydesk एप का उपयोग किया जाता है।

मामला संदिग्ध पाया जाने पर राजीव गांधी कम्प्यूटर साक्षरता मिशन के साईबर सिक्योरिटी एनालाईसिस्ट द्वारा राज रानी टावर आईटी पार्क स्थित किराये पर लिए गये एक कंप्यूटर लैब में रखे सभी कम्प्यूटर के सिस्टम्स को चैक करवा कर दोनों रिमोट एक्सेज एप के लोग्स लिये गये। जिसमे सामने आया कि इन रिमोट एक्सेज एप द्वारा अन्य परीक्षा केन्द्रों पर उपस्थित अभ्यर्थियों के कम्प्यूटर सिस्टम को हैक कर उनका उपयोग पेपर सॉल्व करने के लिये किया जाता है।



## पायलट ने लोकसभा चुनाव में विभिन्न प्रदेशों में अब तक 65 चुनावी सभाएं की

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान के पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं कांग्रेस नेता सचिन पायलट ने लोकसभा चुनाव में राजस्थान सहित विभिन्न प्रदेशों में पार्टी प्रत्याशियों के समर्थन में अब तक 65 से अधिक सभाएं कर चुके हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार पायलट ने राजस्थान में हाल में दो चरणों में हुए लोकसभा चुनाव के दौरान 14 लोकसभा क्षेत्रों में कांग्रेस उम्मीदवारों के पक्ष में 28 से अधिक सभाएं की। उन्होंने छत्तीसगढ के प्रभारी के रुप में अब तक छत्तीसगढ़ के आठ लोकसभा क्षेत्रों में 20 से अधिक सभाएं कर चुके है। इसके अतिरिक्त केरल, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, जम्मू कश्मीर , आन्ध्रप्रदेश एवं उत्तराखण्ड के 13 लोकसभा क्षेत्रों में लगभग 17 सभाएं कर चुके हैं। पायलट गत 30 अप्रैल तक राजस्थान एवं छत्तीसगढ़ सहित आठ प्रदेशों के 35 लोकसभा क्षेत्रों में 65 से अधिक सभाएं कर चुके है।

# वैक्सीन के साइड इफैक्ट से डरने की जरूरत नहीं, हेल्दी लाइफ जिएं, इम्यूनिटी को बढ़ाकर रखें

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। दवा कंपनी एस्ट्राजेनेका ने ब्रिटिश कोर्ट में स्वीकार किया कि कोविड वैक्सीन कोविशील्ड की वजह से हार्ट अटैक और ब्रेन स्ट्रोक आ सकता है। इससे लोगों में बेचैनी पैदा हो गई। तमाम विशेषज्ञ डॉक्टरों ने कहा कि साइड इफैक्ट से डरने की जरूरत नहीं है। इसका असर लाखों में एक मरीज पर होता है। सबका मेटाबॉलिज्म एक जैसा नहीं होता है। वैक्सीन लगे हुए दो साल हो चुके हैं और साइड इफैक्ट का असर भी धीरे धीरे कम हो गया है।

इसी मुद्दे को लेकर हमने पिछले 16 वर्षों से वैक्सीन के क्षेत्र में कार्यरत, विश्व की सबसे बड़ी वैक्सीन निर्माता कंपनी सनोफी (फ्रांस) में दस वर्षों तक प्रशिक्षण एवं विकास प्रबंधक रहे अमित खन्ना से बातचीत की। उन्होंने बताया कि वैक्सीन तीन तरह से तैयार होती है। पहली बैक्टीरिया या वायरस को मारकर, दूसरे में जिंदा पार्ट और तीसरे में कृत्रिम रूप से तैयार कर मानव शरीर में डाला जाता है। मकसद हमारा शरीर उस तरह के वायरस या बैक्टीरिया को पहचान ले और और एंटी बॉडी बना ले।

उन्होंने बताया कि बैक्टीरिया या वायरस का अत्याधिक कमजोर किया हुआ ज़िंदा पार्ट लेकर तैयार की गई वैक्सीन ज्यादा असरकारी होती है।

जिसे हम लाइव वैक्सीन कहते हैं कोविशील्ड कृत्रिम वायरस लैब में तैयार कर बनाई गई है। खास बात यह है कि कोरोना महामारी के समय लोगों की जान बचाने के लिए वैक्सीन को जल्दी तैयार किया गया, नहीं तो लाखों लोगों की मौतें हो सकती थीं। साइड इफैक्ट तो 0.0001 प्रतिशत भी नहीं है। इसलिए साइड इफैक्ट से डरने की जरूरत नहीं है बल्कि हमें हेल्दी लाइफ जीने के लिए खाने-पीने, व्यायाम करने और इम्यूनिटी बढ़ाने की जरूरत है। इसके बावजूद भी यदि सांस फूलना, बीपी का निरंतर बदलना, लंबे समय तक खांसी या जुकाम रहने पर डॉक्टर की सलाह जरूरी लेनी चाहिए।

उन्होंने बताया कि भारत में तैयार कोवैक्सीन भी एक बेहतर वैक्सीन थी परन्तु उसका उत्पादन कम था भारत में बड़े पैमाने पर कोवाक्सिन भी लगी है जिसके कोई दुष्परिणाम सामने नहीं आये हैं। वर्तमान में सरकार की ओर से कोई वैक्सीन नहीं आ रही है। कोविड की कुछ प्राइवेट कंपनियों ने डीएनए बेस वैक्सीन तैयार की है जो इस वक्त मुंबई, दिल्ली, मद्रास और कोलकाता जैसे शहरों में ही उपलब्ध है।

## शिक्षक ने बेरहमी से की बच्चे की पिटाई, मंत्री ने मदन दिलावर ने दिए निलंबन के आदेश

जयपुर। शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने बाड़मेर जिले के चौहटन के राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय के लेवल-1 के शिक्षक गणपत पतलिया को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने के निर्देश जिला शिक्षा अधिकारी प्राथमिक बाड़मेर कृष्ण सिंह को दिए है।

निलंबन काल मे गणपत पतलिया का मुख्यालय बाड़मेर रहेगा। शिक्षक गणपत पतलिया ने राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय, चौहटन मे कक्षा 3 मे अध्यनरत छात्र जसवंत के साथ बेरहमी से मारपीट की थी। इस घटना का ट्वीट एक स्थानीय निवासी ने शिक्षा मंत्री मदन दिलावर को किया था, जिस पर कार्रवाई करते हुए शिक्षा मंत्री ने शिक्षक को निलंबित करने के आदेश दिए है।

# उदयपुर में हत्या के मामले में दो लोग गिरफ्तार


दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

उदयपुर। राजस्थान पुलिस ने उदयपुर जिले के पाटिया थाना क्षेत्र में एक युवक की हत्या के मामले में दो भाइयों को गिरफ्तार किया है और एक नाबालिग को हिरासत में लिया है। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

पुलिस ने बताया कि दोनों आरोपी भाइयों में से एक ने नाबालिग लड़की के साथ कथित तौर पर दुष्कर्म भी किया था। थानाधिकारी देवेन्द्र सिंह ने मंगलवार को बताया कि 26 अप्रैल को लोकेश (22) का शव बरामद किया गया था जिसके बाद पुलिस ने उसके तीन दोस्त-अश्विन, बलबीर और एक नाबालिग, को हिरासत में लिया।

उन्होंने बताया कि आरोपियों से पूछताछ में पता चला कि अश्विन का एक नाबालिग लड़की से प्रेम संबंध था लेकिन करीब एक साल पहले उसके माता-पिता से विवाद के बाद उसने उससे बात करना बंद कर दिया। इसी बीच, अश्विन को पता चला कि लोकेश उस लड़की से बात करता है और दोनों प्रेम प्रसंग में हैं।

# दौसा जिले में ग्राम विकास अधिकारी 15 हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने दौसा जिले में पंचायत सिमित सिकन्दरा की ब्राह्मण बैराड़ा ग्राम पंचायत के ग्राम विकास अधिकारी नितेश शर्मा को बुधवार को 15 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया।

ब्यूरो के आधिकारिक सूत्रों के अनुसार एसीबी की एसआईयू जयपुर इकाई को परिवादी द्वारा शिकायत दी गई कि स्कूल में कमरों एवं नालों के निर्माण कार्य के बिलों का भुगतान करने की एवज ग्राम विकास अधिकारी ग्राम पंचायत बैराड़ा ने कमीशन के 32 हजार 500 रुपए रिश्वत की मांग कर रहे हैं।

इस पर एसीबी टीम द्वारा शिकायत का सत्यापन करने के बाद शर्मा को परिवादी से 15 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। एसीबी की अतिरिक्त महानिदेशक स्मिता श्रीवास्तव के निर्देशन में आरोपी से पूछताछ तथा आवास एवं अन्य ठिकानों की तलाशी जारी है।

# भाजपा में शामिल हुईं अभिनेत्री रूपाली गांगुली



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के मतदान से पहले मशहूर अभिनेत्री और चर्चित टेलीविजन सीरियल 'अनुपमा' में मुख्य किरदार निभाने वाली रुपाली गांगुली बुधवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो गईं।

भाजपा महासचिव विनोद तावड़े, राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी अनिल बलूनी और सह-प्रभारी संजय मयूख की मौजूदगी में उन्होंने यहां भाजपा मुख्यालय में पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। गांगुली के साथ ही महाराष्ट्र के जानेमाने ज्योतिष और समाज सेवी अमेय जोशी भी केंद्र की सत्तारूढ़ पार्टी में शामिल हो गए। तावड़े ने गांगुली का पार्टी में स्वागत किया और इस अवसर का इस्तेमाल सपा नेता मारिया आलम की 'वोट जिहाद' की अपील को लेकर विपक्षी दलों पर हमला करने के लिए किया। आलम ने फर्रुखाबाद लोकसभा सीट से विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के उम्मीदवार के लिए वोट मांगते हुए 'वोट जिहाद' का आह्वान किया था और कहा था कि मौजूदा हालात में अल्पसंख्यक समुदाय के लिए भाजपा को सत्ता से बेदखल करना जरूरी है। सपा नेता की टिप्पणी पर प्रतिक्रिया देते हुए, तावड़े ने कहा, झूठ फैलाने वाले विपक्षी दलों ने अब 'वोट जिहाद' अभियान शुरू कर दिया है। इससे पता चलता है कि वे हताश और निराश हैं। उन्होंने कहा, एक तरफ वे ओबीसी का आरक्षण मुसलमानों को दे रहे हैं, दूसरी तरफ वे चुनाव के दौरान 'वोट जिहाद' की बात कर रहे हैं।

तावड़े ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और पार्टी नेता राहुल गांधी से पूछा कि क्या यह अभियान पार्टी आलाकमान के निर्देश पर शुरू किया गया है? भाजपा में शामिल होने के बाद गांगुली ने कहा कि कला के पथ पर चलते-चलते वह भाजपा के जरिए राजनीति में आई हैं। उन्होंने खुद को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का 'बहुत बड़ा फैन' बताया और कहा कि वह जो कर रहे हैं, उसमें हर किसी को योगदान देना चाहिए। उन्होंने कहा, जब मैं विकास का महायज्ञ देखती हूं तो मुझे लगता है कि क्यों न मैं भी इसमें सहभागी बनूं। कुछ ऐसा करूं ताकि सभी को गर्व हो। मैं मोदी जी के बताए रास्ते पर चलकर देश सेवा करना चाहती हूं। जोशी ने भी कहा कि वह प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश की सेवा करना चाहते हैं।

भाजपा में शामिल होने के बाद गांगुली और जोशी ने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा से मुलाकात की और मार्गदर्शन प्राप्त किया।



## 'वोट जिहाद' का बयान देने वाली सलमान खुर्शीद की भतीजी का अखिलेश ने किया बचाव

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**लखनऊ/भाषा।** समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बुधवार को फर्रुखाबाद लोकसभा सीट पर 'वोट जिहाद' का आह्वान करने वाली अपनी पार्टी की नेता मारिया आलम का बचाव किया और कहा कि उनका इरादा लोगों से बड़ी संख्या में मतदान करने के लिए कहना प्रतीत होता है।

फर्रुखाबाद लोकसभा सीट से विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन के उम्मीदवार नवल किशोर शाक्य के लिए वोट मांगते हुए समाजवादी पार्टी (सपा) की नेता मारिया आलम ने सोमवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार को हटाने के लिए 'वोट जिहाद' की अपील की थी और इसे अल्पसंख्यक समुदाय के लिए मौजूदा हालात में जरूरी बताया। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सलमान खुर्शीद की भतीजी मारिया आलम सोमवार को खुर्शीद की मौजूदगी में एक चुनावी सभा को संबोधित कर रही थीं। उत्तर प्रदेश पुलिस ने मंगलवार को चुनावी सभा में मौजूद सलमान खुर्शीद और मारिया आलम पर 'वोट जिहाद' का आह्वान करने के लिए मामला दर्ज किया है। आलम के बयान से उपजे विवाद पर एक सवाल का जवाब देते हुए सपा अध्यक्ष ने कहा, कभी-कभी चुनाव में मतदाताओं को वोट देने के वास्ते उत्साहित करने के लिए भारी शब्दों का इस्तेमाल किया जाता है। यादव ने जोर देकर कहा, मुझे लगता है कि उनका (आलम के बयान का) मतलब वह नहीं था, जिसके लिए कार्रवाई शुरू की गई। इरादा यह था कि अधिक से अधिक संख्या में वोट पड़ें और सभी लोग मतदान करें। सपा प्रमुख इटावा जिले में एक चुनावी सभा को संबोधित करने के बाद पत्रकारों से बात कर रहे थे।

## 'भाजपा को वोट देना बेहतर' वाले बयान पर टीएमसी ने अधीर पर साधा निशाना

**नई दिल्ली/भाषा।** तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी पर बुधवार को निशाना साधते हुए उन्हें भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की 'बी टीम' बताया। दरअसल, कांग्रेस नेता चौधरी का एक कथित वीडियो सामने आया है जिसमें वह कहते सुने गए कि टीएमसी से बेहतर तो भाजपा को वोट देना है। इस पर टिप्पणी करते हुए, कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने कहा कि उनकी पार्टी का लक्ष्य पश्चिम बंगाल में भाजपा की सीट कम करना है और टीएमसी 'इंडिया' गठबंधन का हिस्सा है।

कथित वीडियो में पश्चिम बंगाल के बहरामपुर सीट से मौजूदा सांसद एवं उम्मीदवार चौधरी एक जनसभा को संबोधित करते हुए यह कहते हुए सुने गए, टीएमसी को वोट देने से अच्छा है कि भाजपा को वोट दे दो। पहले से ही चौधरी से खफा टीएमसी ने वीडियो पर प्रतिक्रिया देते हुए उन्हें कांग्रेस के साथ सीट बंटवारा न होने के लिए जिम्मेदार ठहराया और उन्हें 'बंगाल विरोधी' करार दिया। टीएमसी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कहा, बंगाल में भाजपा की आंख और कान के रूप में काम करने के बाद, चौधरी अब बंगाल में भाजपा का प्रचार कर रहे हैं। टीएमसी ने कहा, सुनें कि कैसे 'बी-टीम' का सदस्य खुलेआम लोगों से भाजपा को वोट देने के लिए कह रहा है।

## राजग 400 से अधिक सीट जीतेगा, हताशा में ईसी और ईवीएम पर सवाल उठा रहा विपक्ष : भाजपा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** भाजपा ने कहा कि कांग्रेस द्वारा मतदान प्रतिशत के आंकड़े जारी नहीं करने को लेकर निर्वाचन आयोग पर सवाल उठाना विपक्ष की हताशा और घबराहट को दर्शाता है क्योंकि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) लोकसभा चुनाव में 400 से अधिक सीटें जीतने जा रहा है। कांग्रेस ने पहले चरण के तहत हुए मतदान से संबंधित आंकड़े जारी करने में देरी के लिए मंगलवार को निर्वाचन आयोग पर निशाना साधा था। आयोग ने उसी शाम समग्र आंकड़े जारी किए थे।

भाजपा प्रवक्ता गौरव भाटिया ने कहा कि विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' एक वायरस से संक्रमित है और इसका 'वैक्सीन' देश के नागरिक हैं। चार जून को जब फैसला आएगा तो उसके नेताओं बोलती बंद हो जाएगी। उन्होंने दावा किया कि चुनाव में विपक्ष कहीं नहीं दिखेगा और लोग प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर अपने विश्वास की फिर से पुष्टि करेंगे। उच्चतम न्यायालय द्वारा इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) के जरिए डाले गए मतों के वीवीपैट के साथ पूर्ण सत्यापन की मांग वाली याचिकाओं को हाल ही में खारिज किए जाने का जिक्र करते हुए भाटिया ने कहा कि समस्या निर्वाचन आयोग या ईवीएम के साथ नहीं बल्कि विपक्ष के साथ है। भाजपा प्रवक्ता ने विपक्षी गठबंधन पर सांप्रदायिक बयान देने का भी आरोप लगाया। भाटिया ने आरोप लगाया कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने हाल ही में एक रैली में एक उम्मीदवार से कहा कि उनके नाम में 'शिव' है और वह राम का मुकाबला कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सहयोगी द्रमुक ने भी सनातन धर्म की आलोचना की। उन्होंने वरिष्ठ कांग्रेस नेता सलमान खुर्शीद की भतीजी और समाजवादी पार्टी की नेता मारिया आलम के 'वोट जिहाद' के आह्वान के लिए भी विपक्षी दलों की आलोचना की।

## कांग्रेस 'दिशाहीन' और 'नेतृत्व विहीन' दल : योगी



**लखनऊ/भाषा।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने देश की सबसे पुरानी पार्टी कांग्रेस को 'दिशाहीन' और 'नेतृत्व विहीन' बताते हुए बुधवार को आरोप लगाया कि इस पार्टी के नेताओं ने भारत की सभ्यता और संस्कृति को बदनाम करने के कुत्सित प्रयास किए हैं। मुख्यमंत्री ने कांग्रेस पर जमकर प्रहार किए। उन्होंने कहा, जो देश का सबसे पुराना राजनीतिक दल है। दुर्भाग्य से आजादी के बाद वह दिशाहीन हो गया है और आज तो वह नेतृत्व विहीन भी हो गया है। इस दिशाहीनता का ही दुष्परिणाम है कि कांग्रेस के तमाम नेताओं ने लगातार भारत की सभ्यता और संस्कृति को कोसने, अपमानित करने और सनातन धर्म को हर प्रकार से बदनाम करने के कुत्सित प्रयास किए।

उन्होंने पूर्व केंद्रीय मंत्री पी चिदंबरम की तरफ इशारा करते हुए कहा, कांग्रेस की अगुवाई वाली यूपीए सरकार के समय यही दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति देखने को मिली थी, जब कांग्रेस के उस समय के केंद्रीय गृह मंत्री ने भगवा आतंकवाद के नाम पर भारत की सनातन संस्कृति को अपमानित करने का प्रयास किया था। मुख्यमंत्री ने देश में आतंकवाद और नक्सलवाद की समस्या के लिए कांग्रेस की नीतियों को दोषी ठहराते हुए कहा, हर व्यक्ति जानता है कि कांग्रेस की नीतियां देश के अंदर आतंकवाद और नक्सलवाद का कारण बनीं। उन्होंने कहा कि आज मोदी जी (प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी) के नेतृत्व में आतंकवाद और नक्सलवाद की समस्या का समाधान हुआ है। उन्होंने कहा, पिछले 10 वर्षों में देश में सुरक्षा का एक बेहतर माहौल बना है। आतंकवाद की जड़ जम्मू कश्मीर में अनुच्छेद 370 को पूरी तरह समाप्त करते हुए जम्मू कश्मीर को विकास की मुख्य धारा के साथ जोड़ा गया।

## मतदान प्रतिशत बढ़ने पर ममता ने ईवीएम की प्रामाणिकता पर सवाल उठाए

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**फरक्का (पश्चिम बंगाल)/भाषा।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने लोकसभा चुनाव के पहले दो चरण के मतदान प्रतिशत के अंतिम आंकड़े 'देरी' से जारी करने के लिए बुधवार को निर्वाचन आयोग की आलोचना की।

ममता ने इन दो चरणों के मतदान प्रतिशत में अचानक वृद्धि पर भी चिंता जताई। आयोग ने 19 अप्रैल और 26 अप्रैल को हुए पहले दो चरणों के मतदान प्रतिशत का अंतिम आंकड़ा मंगलवार शाम को सार्वजनिक किया। आयोग के अनुसार लोकसभा चुनाव के पहले चरण में मतदान प्रतिशत 66.14 प्रतिशत और दूसरे चरण में 66.71 प्रतिशत दर्ज किया गया। ममता बनर्जी ने मुर्शिदाबाद जिले के फरक्का में एक रैली को संबोधित करते हुए कहा, निर्वाचन आयोग ने पहले जो आंकड़े जारी किए थे, अंतिम मतदान प्रतिशत में उनसे करीब 5.75 प्रतिशत की अचानक वृद्धि चिंताजनक है। भाजपा द्वारा चुनाव परिणामों में हेरफेर किए जाने की आशंका है क्योंकि कई इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन कई दिन तक गुम रहीं। तृणमूल कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि मतदान प्रतिशत में अचानक वृद्धि न केवल चिंताजनक है बल्कि ईवीएम की प्रामाणिकता पर भी गंभीर आशंका पैदा करती है। उन्होंने कहा, निर्वाचन आयोग को ईवीएम निर्माताओं का ब्योरा सार्वजनिक करना चाहिए क्योंकि भाजपा चुनाव जीतने के लिए किसी भी स्तर तक जा सकती हे। लोकसभा चुनाव के लिए सात चरणों में मतदान हो रहा है। पांच चरण का मतदान अभी बाकी है। मतगणना चार जून को एकसाथ होगी।

## ओडिशा में 28 विस सीटों के लिए 243 और चार लोस सीटों के लिए 37 उम्मीदवार मैदान में

**भुवनेश्वर/भाषा।** ओडिशा की 28 विधानसभा सीटों के लिए कुल 243 उम्मीदवार मैदान में हैं जहां 13 मई को मतदान होगा। निर्वाचन अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी।

नबरंगपुर, ब्रह्मपुर, कोरापुट और कालाहांडी लोकसभा क्षेत्रों के तहत आने वाली 28 विधानसभा सीटों के लिए 256 उम्मीदवारों के नामांकन जांच के बाद वैध पाए गए। उन्होंने बताया कि 256 उम्मीदवारों में से 13 ने अपना नामांकन वापस ले लिया है। ओडिशा में विधानसभा चुनाव के पहले चरण के लिए कुल 243 उम्मीदवार मैदान में हैं। निर्वाचन आयोग के अधिकारियों के अनुसार सबसे अधिक 17 उम्मीदवार ब्रह्मपुर विधानसभा क्षेत्र में मैदान में हैं जबकि 13 उम्मीदवार गंजम जिले के दिगपहांडी विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ रहे हैं। उन्होंने बताया कि चार लोकसभा सीटों (नबरंगपुर, बरहामपुर, कोरापुट और कालाहांडी) पर चुनाव के लिए कुल 37 उम्मीदवार मैदान में हैं जहां 13 मई को मतदान होगा। ओडिशा में 21 लोकसभा सीटों और 147 विधानसभा सीटों के लिए 13 मई से एक जून तक चार चरण में एक साथ चुनाव होंगे।



## असम में 'माफिया राज': प्रियंका गांधी वाड्रा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**धुबरी/भाषा।** असम में 'माफिया राज' होने का आरोप लगाते हुए कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा ने बुधवार को दावा किया कि मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा राज्य में अनेक घोटालों में शामिल हैं। धुबरी में एक जनसभा को संबोधित करते हुए प्रियंका ने दावा किया कि शर्मा का असम में एआईयूडीएफ (ऑल इंडिया यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट ) के नेता बदरुद्दीन अजमल से उसी तरह 'गुप्त समझौता' है जैसा भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का तेलंगाना में असदुद्दीन ओवैसी के साथ है और इन दोनों दलों का उद्देश्य कांग्रेस को हराना है। उन्होंने कर्नाटक के सांसद प्रज्वल रेवन्ना पर लगे यौन शोषण के आरोपों को लेकर भी भाजपा पर निशाना साधा और कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उनके लिए वोट मांगे और फिर उन्हें देश छोड़ने से नहीं रोका।

प्रियंका ने कहा, असम में माफिया राज है। जमीन, सुपारी, रेत, कोयला और अन्य सभी क्षेत्रों में माफिया काम कर रहे हैं। हर जगह जबरन वसूली हो रही है और माफिया काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि राज्य में किसानों की संपत्तियां, पीपीई किट और फ्लाईओवर समेत सभी तरह के घोटाले और लगातार गौ तस्करी हो रही है, लेकिन केवल एक चीज नहीं हो रही है और वह राज्य में विकास। कांग्रेस नेता ने कहा कि शर्मा जब कांग्रेस में थे तो उनके खिलाफ कई आरोप थे लेकिन वह 'भाजपा की वॉशिंग मशीन' में साफ हो गए।

प्रियंका गांधी धुबरी से लोकसभा चुनाव लड़ रहे कांग्रेस विधायक रकीबुल हसन के लिए प्रचार कर रही थीं। उनका मुकाबला बदरुद्दीन अजमल और भाजपा समर्थित असम गण परिषद के उम्मीदवार तथा पूर्व विधायक जाबेद इस्लाम से है। महिला सुरक्षा का मुद्दा उठाते हुए कांग्रेस नेता ने कहा कि जब एक भूतपूर्व सैनिक की पत्नी को मणिपुर में निर्वस्त्र घुमाया गया और पदक विजेता महिला खिलाड़ियों ने एक भाजपा नेता पर यौन उत्पीड़न के आरोप लगाए तो प्रधानमंत्री चुप रहे।

## प्रधानमंत्री बताएं कि क्या वह आरक्षण पर 50 प्रतिशत की सीमा हटाएंगे? : कांग्रेस



**नई दिल्ली/भाषा।** कांग्रेस ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से इस संबंध में अपना रुख स्पष्ट करने को कहा कि क्या वह अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी) और अन्य पिछड़े वर्गों (ओबीसी) के लिए आरक्षण पर 50 प्रतिशत की सीमा हटाएंगे। पूर्व केंद्रीय मंत्री जयराम रमेश ने कहा कि कांग्रेस का घोषणा पत्र इस बात की गारंटी देता है कि एससी, एसटी और ओबीसी के लिए आरक्षण की सीमा 50 प्रतिशत बढ़ाने के उद्देश्य से एक संवैधानिक संशोधन पारित किया जाएगा, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी इसे ''सांप्रदायिक रंग'' देने की कोशिश कर रहे हैं। यहां अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) के मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कांग्रेस महासचिव रमेश ने आरोप लगाया कि भाजपा ''संविधान बदलने के लिए '400 पार' की बात कर रही है क्योंकि भाजपा और आरएसएस धर्मनिरपेक्षता और सामाजिक न्याय के खिलाफ हैं।

कांग्रेस इस बात की गारंटी देती है कि वह एससी, एसटी और ओबीसी के लिए आरक्षण पर 50 प्रतिशत की सीमा बढ़ाने के लिए एक संवैधानिक संशोधन पारित करेगी।

## बिहार राजभवन में बम होने का ईमेल प्राप्त होने पर सुरक्षा बढ़ायी गई

**पटना/भाषा।** बिहार राजभवन में बम होने की सूचना वाला ईमेल मिलने के बाद इसकी सुरक्षा बढ़ा दी गई है। पटना के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) राजीव मिश्रा ने बुधवार को 'पीटीआई-भाषा' को बताया, राजभवन में व्यापक सुरक्षा जांच के बावजूद हमें वहां कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला। मंगलवार सुबह राजभवन और बिहार पुलिस के अधिकारियों को धमकी भरा ईमेल मिला, जिसमें दावा किया गया था कि राज्यपाल के आवास पर बम रखा गया है। ये पूरी तरह से अफवाह निकला क्योंकि कुछ भी नहीं मिला।

एसएसपी ने कहा, हम अब ईमेल के स्रोत का पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं और प्रेषक का पता लगाने के लिए 'इंटरनेट प्रॉटोकोल' (आईपी) पते के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है। हमने इस संबंध में पहले ही मामला दर्ज कर लिया है और आगे की जांच के लिए अपनी साइबर इकाई को भी लगा दिया है। उन्होंने बताया कि राजभवन और शहर के अन्य स्थानों पर भी सुरक्षा बढ़ा दी गई है। पिछले कुछ दिनों में देश के विभिन्न शहरों में सरकारी भवनों, कार्यालयों, स्कूलों जैसे कई प्रतिष्ठानों को इसी तरह के धमकी भरे ईमेल मिले हैं।

## फारूक अब्दुल्ला ने प्रधानमंत्री मोदी से कहा: देश को धर्म के आधार पर न बांटें

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**राजौरी/जम्मू/भाषा।** नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला ने बुधवार को आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देश के लोगों को धर्म के आधार पर बांटने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुसलमान किसी का अधिकार नहीं छीन सकते। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस के नेतृत्व वाले 'इंडिया' समूह का गठन लोगों को एकजुट करने और मौजूदा सरकार द्वारा पेश की गई चुनौतियों का मुकाबला करने के लिए किया गया था। उन्होंने दावा किया कि यह सरकार देश और संविधान के अस्तित्व के लिए खतरा है। अब्दुल्ला पार्टी उम्मीदवार मियां अल्ताफ के पक्ष में राजौरी जिले के थानामंडी इलाके में एक चुनावी रैली को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा, इस देश को धर्म के आधार पर नहीं बांटें, नहीं तो एक तूफान उठेगा जिससे देश का अस्तित्व मुश्किल हो जाएगा। लोगों को विभाजित करने के बदले देश को एकजुट करने के बारे में बात करना बेहतर है। राजौरी अनंतनाग संसदीय क्षेत्र का हिस्सा है और यहां 25 मई को छठे चरण में मतदान होना है।

# क्या टी20 विश्व कप की चुनौती में सफल हो पाएंगे अर्शदीप और सिराज?

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** भारत की टी20 विश्व कप टीम में चार स्पिनरों से पता चलता है कि भारतीय चयनकर्ताओं को अमेरिका और वेस्टइंडीज में स्पिन की अनुकूल धीमी पिचों की उम्मीद है लेकिन क्या उन्होंने 15 सदस्यीय टीम में केवल तीन तेज गेंदबाजों को चुनकर कोई गलती की है। तेज गेंदबाजी में पसंद पर भी सवाल उठे हैं। आईपीएल शुरू होने से पहले तेज गेंदबाजी विभाग में सिर्फ जसप्रीत बुमराह का चयन तय था जबकि अन्य तेज गेंदबाजों को लीग में खुद को साबित करना था।

मंगलवार को चुनी गई टीम को देखते हुए चयनकर्ताओं ने सुरक्षित रुख अपनाया और एक जून से शुरू होने वाले आईसीसी टूर्नामेंट में बुमराह का साथ देने के लिए मोहम्मद सिराज और अर्शदीप सिंह को चुना। संदीप शर्मा, आवेश खान और टी नटराजन जैसे तेज गेंदबाजों को नजरअंदाज कर दिया गया जिन्होंने मौजूदा आईपीएल में डेथ ओवरों (अंतिम ओवरों) में अपने गेंदबाजी कौशल से प्रभावित किया। भारत के लिए सिराज ने 10 और अर्शदीप ने 44 टी20 अंतरराष्ट्रीय खेले हैं। इन दोनों का मौजूदा आईपीएल में प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा लेकिन भारत के लिए उनके अतीत के प्रदर्शन के आधार पर उन्हें टीम जगह मिली है।

यह जोड़ी नई गेंद को स्विंग कराने की क्षमता रखती है लेकिन क्रिकेट के सबसे छोटे प्रारूप में यह भी उतना ही महत्वपूर्ण है कि कोई



गेंदबाज डेथ ओवरों में बल्लेबाजों को कैसे रोकता है। यह खेल का वह पहलू है जिसमें अर्शदीप और सिराज दोनों ही आईपीएल में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं।

सिराज ने 9.50 रन प्रति ओवर की दर से रन दिए हैं जबकि अर्शदीप काफी महंगे साबित हुए हैं और उन्होंने प्रति ओवर 9.63 रन की दर से रन लुटाए हैं। अर्शदीप ने हालांकि नौ मैच में 12 विकेट चटकाए हैं। उन्होंने 2022 टी20 विश्व कप में भी 10 विकेट हासिल किए थे। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप का डेथ ओवरों में प्रदर्शन चिंताजनक है लेकिन चयनकर्ताओं ने राष्ट्रीय स्तर पर उनके अच्छे रिकॉर्ड पर भी विचार किया है। उन्होंने 20.87 के औसत और 8.63 की इकोनॉमी रेट से 62 विकेट लिए हैं। सिराज ने टी20 अंतरराष्ट्रीय में 8.78 की इकोनॉमी रेट से रन दिए हैं।

पूर्व मुख्य चयनकर्ता एमएसके प्रसाद की राय में विश्व कप में तीन तेज गेंदबाजों को ले जाना काफी होगा और उन्हें चुने गए खिलाड़ियों से भी कोई दिक्कत नहीं है। लखनऊ सुपर जाइंट्स के रणनीतिक सलाहकार प्रसाद ने पीटीआई से कहा, वहां की पिचों से धीमे गेंदबाजों को मदद मिलने की उम्मीद है और इसीलिए वे चार स्पिन विकल्पों के साथ जा रहे हैं। उन्होंने कहा, अंतिम एकादश में मैं हार्दिक पंड्या के साथ केवल दो विशेषज्ञ तेज गेंदबाजों को खेलता हुआ देखता हूं। मैं बुमराह और सिराज के साथ शुरुआत करना चाहूंगा लेकिन प्रबंधन विपक्षी बल्लेबाजों के संयोजन के आधार पर सिराज और अर्शदीप में से एक को चुन सकता है। प्रसाद ने इसे 'संतुलित टीम' बताया, हालांकि उन्हें लगता है कि लोकेश राहुल इसमें जगह पाने के हकदार थे। भारत के पूर्व विकेटकीपर ने कहा, बल्लेबाजी के नजरिए से यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि लोकेश राहुल जैसा खिलाड़ी चूक गया है लेकिन मुझे यकीन है कि वह जोरदार वापसी करेगा। हालांकि आईसीसी प्रतियोगिता के लिए भारत के गेंदबाजी संयोजन से जुड़े प्रसाद के विचारों से सभी सहमत नहीं हैं।

## मयंक यादव को बीसीसीआई से तेज गेंदबाजी अनुबंध मिलने की संभावना

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** मुंबई इंडियंस के खिलाफ मैच के दौरान पेट की मांसपेशियों में चोट के कारण तेज गेंदबाज मयंक यादव के इंडियन प्रीमियर लीग के राउंड रॉबिन चरण के बाकी बचे मैचों में खेलने की संभावना काफी कम है। मयंक पिछले चार सप्ताह में दूसरी बार चोटिल हुए हैं। दिल्ली के इस 21 वर्षीय खिलाड़ी को हालांकि अपनी तेज गति से प्रभावित करने का ईनाम जल्द ही मिल सकता है। उन्हें उमरान मलिक, विदवथ कावेरप्पा, विशाक विजयकुमार, यश दयाल और आकाशदीप के साथ भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) द्वारा तेज गेंदबाजी अनुबंध दिया जाना लगभग तय है।

इस अनुबंध के बाद मयंक राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए ) की स्पोर्ट्स साइंस और मेडिकल टीम की देखरेख में रहेंगे जो उनकी आईपीएल फ्रेंचाइजी लखनऊ सुपरजायंट्स से उनके चोट प्रबंधन और फिटनेस कार्यक्रम की जिम्मेदारी संभालेगी। बीसीसीआई के एक सूत्र ने गोपनीयता की शर्त पर कहा, मयंक को चोट लगी है लेकिन यह ग्रेड एक की चोट होने की अधिक संभावना है। इससे उबरने में बहुत अधिक समय नहीं लगेगा। एलएसजी अगर प्ले-ऑफ के लिए क्वालीफाई करता है, तो वह नॉकआउट मैच खेलने के लिए फिट हो सकता है। फिलहाल उनका आईपीएल के बाकी (लीग चरण) मैचों में खेलना संदिग्ध है। मयंक ने आईपीएल के अपने शुरुआती मैचों में 155 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से गेंदबाजी की और लगातार दो मैचों में मैन ऑफ द मैच रहे। वह अपने तीसरे मैच में चोटिल होने के बाद चार सप्ताह के लिए खेल से दूर हो गए। फिटनेस टेस्ट पास करने के बाद उन्होंने मंगलवार को मुंबई इंडियंस के खिलाफ वापसी की।

## सुविचार

**जिंदगी में अगर तुम किसी चीज को पसंद नहीं करते हो तो उसे बदल दो, अगर उसे बदल नहीं सकते तो अपना रवैया बदल दो।**

## दक्षिण भारत राष्ट्रमत

# अद्भुत भारत!

अमेरिका के स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय के प्रसिद्ध शिक्षाविद डॉ. अनुराग मैराल ने सत्य कहा है कि पश्चिमी मीडिया भारत की प्रगति को समझ नहीं पा रहा है और उससे दूर बैठकर अलग कहानी लिख रहा है, जिसकी कोई विश्वसनीयता नहीं है। वास्तव में अमेरिका समेत पश्चिमी देशों के मीडिया का एक बड़ा तबका ऐसा है, जो भारत को लेकर कई तरह के पूर्वाग्रहों से ग्रस्त है। वह जान-बूझकर भारत की ऐसी छवि दिखाता है, जिससे लोगों में भ्रांतियां फैलें। अगर उसे भारत की प्रगति से संबंधित कोई खबर दिखानी ही पड़े, तो इस तरह दिखाएगा, जिससे उसका महत्त्व घटाया जा सके। जब भारत ने चंद्रयान-3 का प्रक्षेपण किया तो पश्चिमी मीडिया ने इस खबर को यह कहते हुए दिखाया कि प्रक्षेपण तो हो गया, लेकिन इस देश के पास वैसी विशेषज्ञता नहीं है, जैसी अमेरिका के पास है। जब चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर सॉफ्ट लैंडिंग हो गई तो वही मीडिया यह कहने लगा कि ऐसे मिशन की कोई जरूरत नहीं थी ... भारत को इस पर लगने वाला धन अन्य क्षेत्रों पर खर्च करना चाहिए था! सोशल मीडिया आने के बाद पश्चिमी देशों के लोग भारत को बेहतर ढंग से समझने लगे हैं। उससे पहले ज्यादातर लोग यह मानते थे कि 'भारत ऐसा देश है, जहां गली-गली में हाथी घूमते हैं ... लोगों के पास भोजन नहीं है ... वे बैलगाड़ी से सफर करते हैं ... तकनीक से उनका दूर-दूर तक कोई संबंध नहीं है ...!' जबकि वास्तविकता यह है कि आज भारत की हर गली में महंगी गाड़ियां देखने को मिल जाएंगी ... अगर भारत चावल, गेहूं और खानपान से संबंधित चीज़ों का निर्यात बंद कर दे तो कई देशों में हाहाकार मच जाए ... दुनिया में सबसे ज्यादा और सबसे स्वादिष्ट पकवान भारत में मिलेंगे ... भारत के हवाईअड्डों और रेलवे स्टेशनों पर हमेशा रौनक छाई रहती है ... रही बात तकनीक की, तो भारत डिजिटल पेमेंट के क्षेत्र में हर साल नया रिकॉर्ड बना रहा है ... इस देश में नौजवान से लेकर बुजुर्ग तक, हर कोई ईवीएम का बटन दबाकर मतदान करता है!

भारत की बहुत बड़ी शक्ति है- इसका अध्यात्म। अगर अमेरिका, ब्रिटेन, जर्मनी, फ्रांस जैसे देशों को किसी आयोजन के लिए पांच-दस लाख लोग इकट्ठे करने हों तो उसके प्रचार-प्रसार पर करोड़ों डॉलर खर्च करने पड़ेंगे। घर-घर जाकर बताना होगा कि आपको वहां आना है। भारत में इससे ज्यादा लोग तो हर हफ्ते खाटू श्यामजी, सालासर बालाजी, वैष्णो देवी के दर्शन करने आ जाते हैं। उन्हें बुलाने के लिए ऐसा खर्चीला प्रचार-प्रसार भी नहीं करना पड़ता। वे अपने आराध्य के प्रेम से ही चले आते हैं। श्रीराम मंदिर की शोभा पूरी दुनिया देख रही है, जहां हर दिन लाखों लोग भगवान के दर्शन करने और अयोध्या को निहारने आ रहे हैं। कुंभ मेलों की तो बात ही क्या, जहां हर घंटे इतने लोग नदी में स्नान के लिए डुबकी लगाते हैं, जितनी यूरोप के कई देशों की जनसंख्या है! वहां कई देशों के महानगरों का जितना पुराना इतिहास है, उससे ज्यादा पुराने कुएं-बावड़ी भारत के छोटे-छोटे गांवों में मिल जाएंगे। हां, यह एक कड़वी हकीकत है कि हमने उनका संरक्षण करने में उतनी गंभीरता नहीं दिखाई, जितनी दिखानी चाहिए थी। इस तरह हम पर्यटन को अपनी शक्ति व सामर्थ्य के अनुसार बढ़ावा नहीं दे सके। यूरोप में दूसरे विश्वयुद्ध के ज़माने की इमारत को भी इस तरह पेश किया जाता है, गोया इससे पहले दुनिया में किसी को इमारतें बनानी ही नहीं आती थीं, जबकि भारत में सदियों पुराने किले (जिनमें से कई खंडहर हो चुके हैं) आज भी सीना तानकर शान से खड़े हैं। पश्चिम के लोगों को ये बातें तब पता चलती हैं, जब वे भारत आकर अपनी आंखों से देख लेते हैं। तब उन्हें मालूम होता है कि उनका मीडिया भारत के बारे में अब तक कितना झूठ परोसता रहा है! झूठ के इस पर्दे को हटाने के लिए जरूरी है कि जो भी विदेशी पर्यटक भारत आए, उसके साथ हमारा व्यवहार ऐसा हो, जिससे वह मधुर यादें लेकर अपने देश जाए और सबसे कहे- 'भारत जैसा सुंदर व अद्भुत देश कोई नहीं!'

## ट्वीटर टॉक



कांग्रेस वाले सुन लें, उनके चट्टे बट्टे सुन लें, उनकी पूरी जमात सुन ले... जब तक मोदी जिंदा है,मैं दलितों का आरक्षण,आदिवासियों का आरक्षण, ओबीसी का आरक्षण मुसलमानों को धर्म के आधार पर नहीं देने दूंगा।

**-नरेन्द्र मोदी**



पोस्ट कोविड समस्याओं को लेकर डॉक्टर्स ने लगातार जनता को आगाह किया है। अब वैक्सीन को लेकर उठे सवालों से जनता के मन में संशय की स्थिति पैदा हो गई है। भारत सरकार को आईसीएमआर के रिसर्चरों के माध्यम से आमजन को वास्तविकता से अवगत करवाना चाहिए।

**-अशोक गहलोत**



अपनी श्रम साधना से विकसित भारत के संकल्प की सिद्धि में अमूल्य योगदान दे रहे श्रमिक भाई-बहनों का विश्व श्रमिक दिवस पर अभिनंदन। देश की उन्नति के साथ आमजन के जीवन को सरल बनाने में आपकी भूमिका महत्वपूर्ण है।

**-ओम बिरला**

## प्रेरक प्रसंग

# अविद्या की पूंछ



स्वामी रामकृष्ण परमहंस केशव सेन से मिलने गए तो उन्हें देखकर बोले, 'अरे! इसकी पूंछ गिर गई है।' यह सुनकर वहां बैठे सभी लोग हंस पड़े। पर केशवसेन जानते थे कि स्वामी रामकृष्ण परमहंस कोई भी बात अन्यथा नहीं कहते सो उन्होंने उनसे उनके कहे का अर्थ पूछा। परमहंस जी ने उत्तर दिया, 'जब तक मेढक के बच्चे की पूंछ नहीं गिर जाती, तब तक उसे पानी में ही रहना पड़ता है, वह किनारे से चढ़कर सूखी जमीन में विचर नहीं सकता। पर ज्यों ही उसकी पूंछ गिर जाती है, त्यों ही वह उछलकर जमीन पर आ जाता है, तब वह पानी में भी रह सकता है और जमीन पर भी। उसी तरह आदमी की जब तक अविद्या की पूंछ नहीं गिर जाती, तब तक वह संसार रूपी जल में ही पड़ा रहता है। उसके गिर जाने पर-ज्ञान होने पर, मुक्तभाव से मनुष्य विचरण कर सकता है और इच्छा होने पर संसार में भी रह सकता है।' स्वामी रामकृष्ण परमहंस के कृपाभाव का अर्थ सबको समझ आ गया।

## सामयिक

# भारत एवं कनाडा के रिश्ते खतरनाक मोड़ पर

**ललित गर्ग**

**मोबाइल : 9811051133**



कनाडा में रविवार को वहां के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो की मौजूदगी में खालसा दिवस समारोह के दौरान खालिस्तान समर्थक नारे लगाए जाने के बाद भारत सरकार जो सख्ती दिखाई है, वह आवश्यक एवं समयोचित कदम है। इस घटना पर भारत का चिंतित होना एवं कनाडा को चेताया जाना स्वाभाविक है। विदेश मंत्रालय में कनाडा के उप-उच्चायुक्त को तलब कर इस मामले में गहरी आपत्ति जताई गई है। कनाडा सरकार ने अपने राजनीतिक हितों के लिये अनेक बार भारत विरोधी घटनाओं में संदेहास्पद एवं विवादास्पद भूमिका का निर्वाह करते हुए अन्तर्राष्ट्रीय संबंधों की मर्यादाओं को धुंधलाया है। कनाडा की धरती से खालिस्तानी समर्थक अलगाववाद, कट्टरपंथ और हिंसा को बढ़ावा दिया जाता रहा है। इस तरह की घटनाओं से कनाडा में अपराध का माहौल बना हुआ है। इससे कनाडा के नागरिकों के लिए भी खतरा पैदा हो गया है। जिससे भारत में भी स्थितियां संकटपूर्ण बनी है। पिछले साल खुद ट्रूडो ने सार्वजनिक रूप से निज्जर हत्याकांड में भारत के शामिल होने का निराधार आरोप लगाया था। भारत के मांगने के बाद भी आज तक उनकी सरकार इस आरोप के पक्ष में कोई सबूत नहीं दे पाई है। जस्टिन ट्रूडो ने आरोप लगाकर दोनों देशों के बीच विवाद खड़ा कर दिया था। भारत ने आरोप को बेबुनियाद बताते हुए खारिज कर दिया था। इसके बाद से कनाडा और भारत के संबंधों में खटास आ गई और दोनों देशों के रिश्ते सुधरने की बजाय खतरनाक मोड़ पर पहुंच गये हैं।

रविवार के खालसा दिवस समारोह में न केवल खालिस्तान समर्थक नारे लगाए गए बल्कि ऐसे बैनर प्रदर्शित किए गए, जिनमें भारत-विरोध के त्रासद एवं राष्ट्र-विरोध के भ्रामक, झूठे एवं बेबुनियाद आरोप थे। अफसोस और चिंता की बात यह रही कि कनाडाई प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने तो इन सब भारत-विरोधी घटनाओं को रोकने की या इन्हें गलत बताने की कोई कोशिश की। इस पूरे मामले में ट्रूडो का व्यवहार आपत्तिजनक बना, दो देशों के बीच खटास घोलने वाला एवं राजनीतिक अपरिपक्वता का रहा। जिसे दोनों देशों के राजनयिक पैमाने पर उचित नहीं कहा जा सकता। इस तरह कनाडा अपने देश की राजनीतिक जरूरतों के चलते भारत के साथ अपने रिश्ते इस मोड़ पर ले आया हैं, जहां उनके बीच विश्वास, भरोसे, आपसी सहयोग और संवाद की कमी है, तो यह अकारण नहीं है।

भले ही लगभग आठ लाख कनाडाई सिखों की वहां की राजनीति में सक्रिय भागीदार हैं। सिख समुदाय की जरूरतों एवं उनके शांतिपूर्ण जीवन के लिये कनाडा सरकार की प्रतिबद्धता में कोई आपत्ति नहीं हैं।

सिख समुदाय के मौलिक अधिकारों व स्वतंत्रता की रक्षा करने के वायदे यदि वहां की सरकार करती है तो अच्छी बात है। भले ही कनाडा सरकार सिखों के सामुदायिक केंद्रों, गुरुद्वारा समेत पूजास्थलों की सुरक्षा को और मजबूत करने के साथ भारत एवं कनाडा के बीच उड़ानें और रूट बढ़ाने को लेकर भारत के साथ नए समझौते करें, लेकिन इन स्थितियों के बीच खालिस्तानी अलगाववाद को प्रोत्साहन देना भारत के लिये असहनीय है। भारत बार-बार इस बात को दोहरा रहा है कि अभिव्यक्ति की आजादी के नाम पर इस तरह अलगाववादी और अतिवादी प्रवृत्तियों को बढ़ावा देना न केवल दोनों देशों के रिश्तों के लिए बल्कि खुद कनाडा के लिए भी खतरनाक है। भारत जिस तरह से लम्बे समय तक खालिस्तानी आतंकवाद को झेला है, कनाडा में इन तत्वों को प्रोत्साहन देकर कनाडा आतंकवादी गतिविधियों का केन्द्र बन सकता है, जो उसके लिए नुकसानदेह ही साबित होने वाला है।

निश्चित ही कनाडा में खालिस्तानी आतंकी फल-फूल रहे हैं। खालिस्तानी न केवल भारतीय राजनयिकों को धमका रहे हैं बल्कि हिंदू मंदिरों को भी निशाना बना रहे हैं। कनाडा की धरती पर हर किस्म के खालिस्तानी चरमपंथी ही नहीं पल रहे हैं बल्कि वहां भारत से भागे गैंगस्टर और नशे के तस्कर भी शरण पा रहे हैं। यही कारण है कि संयुक्त राष्ट्र की मानवाधिकार परिषद में भारत ने कनाडा को जो खरी-खोटी सुनाई, वह इसलिए आवश्यक थी, क्योंकि वहां की ट्रूडो सरकार अपने भारत विरोधी रवैये से बाज नहीं आ रही है। वह जिस तरह खालिस्तानी अतिवादियों को संरक्षण दे रही है, उसकी मिसाल यदि कहीं और मिलती है तो वह पाकिस्तान में। कनाडा अपने भारत विरोधी रवैये के कारण पाकिस्तान सरीखा बनता जा रहा है। कनाडा अपने हितैषी एवं पडोसी देशों से दूरियां बना रहा है।

खालिस्तान समर्थन एवं प्रोत्साहन के चलते कनाडा में फिलहाल कुछ भी ठीक नहीं चल रहा। अपने देश के साथ दुनियाभर में वह आलोचकों के निशाने पर हैं। कनाडा में खालिस्तान समर्थकों पर नियंत्रण रखने में कथित नाकामी के चलते ट्रुडो को अनेक अन्तर्राष्ट्रीय मंचों पर विरोध का सामना करना पड़ रहा है। इसी के चलते जी-20 बैठक में उन्हें भारत और सदस्य देशों का ठंडा' रिस्पांस मिला। भारत में खास अहमियत नहीं मिलने से खिसियाए ट्रुडो को कनाडा के मीडिया ने भी आड़े हाथ लिया है।

ट्रुडो सरकार पर भारत के साथ रिश्तों को नुकसान पहुंचाने और व्यापार वार्ता के बारे में अंधेरे में रखने के आरोप भी लगे हैं। घरेलू राजनीतिक हितों के लिए ट्रुडो भारत के साथ लड़ाई मोल लेकर अपने देश का भारी आर्थिक नुकसान कर रहे हैं। यह सर्वविदित है कि भारत अब दुनिया की एक आर्थिक महाशक्ति बनने की ओर अग्रसर है। कनाडाई में उत्पादित वस्तुओं के निर्यात और व्यापार में भारत की महत्वपूर्ण भूमिका है और दोनों देशों के बीच बढ़ते तनाव का असर यहां की इकोनॉमी पर पड़ रहा है। भारत की नाराजगी बेवजह नहीं है, क्योंकि कनाडा भारत के विरोध में लगातार सक्रिय हैं, कनाडा ने ही किसानों के आंदोलन के समर्थन में अतिश्योक्तिपूर्ण सहयोग होने दिया। जबकि दोनों देशों के संबंधों में प्रगति के लिए एक-दूसरे के प्रति सम्मान का भाव और आपसी भरोसा रहना जरूरी है।

खालिस्तान समर्थक गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की साजिश को लेकर अमेरिका में भी सवाल उठे थे। लेकिन अमेरिका ने इस मसले पर सार्वजनिक बयानबाजी करने के बजाय भारत सरकार से सीधी बातचीत की। भारत ने भी अमेरिकी सरकार की ओर से मुहैया कराए गए सबूतों को गंभीरता से लिया। इस मामले में एक उच्चस्तरीय जांच शुरू हुई। अच्छी बात यह भी है कि इस मामले को दोनों देशों के संबंधों के खटास का माध्यम नहीं बनने दिया। जांच के निष्कर्षों को दोनों देशों ने स्वीकार किया एवं बेवजह का विवाद खड़ा नहीं होने दिया। कनाडा को भी अमेरिका से कुछ सीखना चाहिए एवं निज्जर हत्याकांड में भारत की अगर कोई भूमिका है तो उसके सबूत भारत सरकार को देने चाहिए। कोरे आरोप लगाकर आपसी संबंधों को बिगाड़ने से परहेज करना चाहिए।

अपनी भूमि का उपयोग भारत की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता के लिए खतरा पैदा करती गतिविधियों के लिये कत्तई नहीं करने देना चाहिए। बात कनाड़ा के साथ-साथ अन्य देशों पर भी लागू होती है जो अपने राजनीतिक हितों के लिये खालिस्तान समर्थक या अन्य भारत विरोधी आन्दोलनों को जगह देते हैं, लेकिन इन देशों ने भी समझा है और समझना ही होगा कि किसी देश के अन्दरूनी मामलों में दखलअंदाजी करना उनके लिये ही हानिकारक होने वाला है। भारत अब एक महाशक्ति है, कनाड़ा जैसे देशों की भारत-विरोधी गतिविधियों से भारत की सेहत पर कोई असर नहीं पडेगा।

## मुद्दा

# आरक्षण की चुनावी आग

चुनाव कोई भी हो आरक्षण एक ज्वलंत चुनावी मुद्दे के रूप में अवश्य सामने होता है। इस चुनाव में भी आरक्षण के मुद्दे पर सत्तापक्ष और विपक्ष एक दूसरे पर चुनावी वार और पलटवार कर रहे हैं। विपक्षी पार्टियां जहां यह कह रही हैं कि यदि बीजेपी सत्ता में पुनः स्थापित होती है तो आरक्षण खत्म कर देगी वहीं बीजेपी इस बात से साफ इन्कार कर रही है। राहुल गांधी आरक्षण की सीमा को 50 प्रतिशत के पार ले जाने की चुनावी वादे कर रहे हैं । आरक्षण एक ऐसा मुद्दा है जिस पर आजादी के बाद से ही बहस हो रही है।

किसी भी मुद्दे पर चर्चा होने से उसे अधिक गहराई से समझा जा सकता है। ऐसा कोई सामाजिक वर्ग नहीं है जिस पर आरक्षण का प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष, सकारात्मक या नकारात्मक प्रभाव ना पड़ता हो। वर्तमान समय में छिड़ी आरक्षण पर बहस को सकारात्मकता के साथ देखना चाहिए।

संविधान में आरक्षण की व्यवस्था अनिश्चित समय के लिए नहीं किया गया था अतः आरक्षण की समीक्षा समय समय पर होनी ही चाहिए। संविधान की भावना यह कभी नहीं थी कि आरक्षण जाति के आधार पर दिया जाए बल्कि आरक्षण देने का आधार सामाजिक और शैक्षणिक बराबरी था। आरक्षण का प्रावधान 10 साल के लिए था और संविधान निर्माता भी इस पक्ष में थे कि आरक्षण व्यवस्था ज्यादा लंबे समय तक नहीं चलना चाहिए। आरक्षण की व्यवस्था पिछले 75 वर्षों से लगातार चल रही है और अगर ऐसी ही राजनीति चलती रही तो अगले 75 वर्षों तक अनवरत चलती रहेगी। आरक्षण का लाभ एक वर्ग विशेष लगातार ले रहा है, जिनके लिए आरक्षण की व्यवस्था की गई थी उन्हें इस आरक्षण व्यवस्था का अभी तक ज्यादा लाभ नहीं मिला है।

आरक्षण जाति पर आधारित है। आरक्षण जाति व्यवस्था को और समृद्ध कर रही है। आरक्षण का अधिकार जाति और धर्म के स्थान पर आर्थिक आधार होना चाहिए क्योंकि गरीबी जाति को देखकर नहीं आती है। गरीबी जाति विशेष या वर्ग विशेष की नहीं होती है, गरीबी बस गरीबी होती है। आजादी के इतने वर्षों के बाद यह सोच कि गरीबी जाति विशेष में है, भ्रामक और तर्कों से परे है। 1947 का भारत और भारतीय समाज 2024 से बिल्कुल अलग था। आरक्षण की वर्तमान स्थिति की समीक्षा के उपरांत ही इस निष्कर्ष पर पहुंचा जा सकता है कि इसे जारी रखना चाहिए या नहीं।

आरक्षण कोई मूलभूत अधिकार नहीं है, उद्देश्य की पूर्ति के उपरांत या अप्रासंगिक होने की स्थिति में संविधान में संशोधन करके आरक्षण को आसानी से हटाया जा सकता है। पिछले दिनों सुप्रीम कोर्ट में यह बात उठी थी कि जिन जातियों या लोगों को आरक्षण का फायदा मिल चुका है उनको आरक्षण छोड़ देना चाहिए। यह विमर्श का विषय होना चाहिए कि आईएएस, आईपीएस या अन्य बड़े सरकारी या गैर सरकारी पद पर पहुंच जाने के बावजूद, आरक्षण का फायदा ले चुके लोगों द्वारा अपने बच्चों के लिए भी आरक्षण का फायदा लेते रहना कितना उचित है।

आरक्षण की व्यवस्था पिछड़ों को सामाजिक बराबरी के लिए थी ना की चुनावी अखाड़े के लिए एक मुद्दे के रूप में। भारत में आरक्षण एक राजनीतिक विवशता है। जातिगत समीकरण को साधे बिना चुनावी वैतरणी पार करना लगभग असंभव है। आजादी के इस अमृत काल में आरक्षण की वर्तमान स्थिति और इसकी प्रासंगिकता जानना आवश्यक है। आरक्षण की वृहद समीक्षा जितनी जल्दी हो उतना ही देश और सर्व समाज के लिए अच्छा होगा।

## नजरिया

# फेक वीडियो का चुनावी धमाल

**बाल मुकुन्द ओझा**

**मोबाइल : 9414441218**



इंटरनेट की आभासी दुनिया में आज कल फेक न्यूज और फेक वीडियो का चलन बहुत तेजी से चल रहा है। लोकसभा चुनाव में फेक न्यूज़ और फेक वीडियो की भी एंट्री हो गई है। चुनावों के दौरान इनका बहुतायत से उपयोग या दुरूपयोग हो रहा है। कहीं भी कांट छांट कर फेक न्यूज़ या वीडियो बनाना बहुत आसान हो गया है। लोकतंत्र के लिए यह कृत्य बहुत घातक है , इससे हमारे लोकतंत्र की जड़े कमजोर होती है और आमजन में भय और गलत धारणाएं बनती है। यह टैक्नोलॉजी का जमाना है जिसमें असली-नकली में भेद करना मुश्किल है। फेक न्यूज़ और वीडियो में नेता की आवाज़ हूबहू दिखाई जाती है ऐसे में क्या सही और क्या गलत है इसका फर्क करना आसान नहीं है।

आजकल बच्चे से बुजुर्ग के हाथ में मोबाइल है। इसका ज्यादातर लोग इस्तेमाल करते हैं और कुछ लोगों के फोन में सोशल मीडिया ऐप्स इंस्टॉल होते हैं। ऐसे ही कई ऐप हैं जैस ट्विटर, फेसबुक, इंस्टाग्राम। सोशल मीडिया का इस्तेमाल करने वाले ज्यादातर लोगों को पता ही नहीं होता है कि वह जो न्यूज पढ़ रहे हैं वो सच्ची है या झूठा। कभी कभी फेक न्यूज को इस तरह से प्रजेंट किया जाता कि वह सच्ची खबरों को भी पीछे छोड़ देती हैं। नकली वीडियो कुछ ही सेकेन्ड में लाखों लोगों तक पहुंच जाता है और लोग इस सच मानकर षेीरीव कर देते हैं। इसलिए ये भयानक खेल है। लोकतन्त्र के लिहाज़ से खतरनाक खेल हैं।चूंकि लोगों के पास वीडियो की असलियत को जानने का तो कोई ज़रिया नहीं हैं, इसलिए कम से कम आप इतना कर सकते हैं कि बिना सोचे समझे किसी वीडियो को षेीरीव न करें, वरना मुसीबत में पड़ सकते हैं क्योंकि खढ एक्ट बहुत सख्त हैं।

अमित शाह का नकली वीडियो जानबूझ कर सोची समझी रणनीति के तहत फैलाया गया क्योंकि जैसे ही वीडियो वायरल हुआ, उसके बाद गुजरात से लेकर उत्तर प्रदेश और बिहार तक कांग्रेस, समाजवादी पार्टी और ठगऊके नेताओं ने रैलियों में कहना शुरू कर दिया कि बीजेपी ने दलितों, पिछड़ों और आदिवासियों के आरक्षण को खत्म करने की तैयारी कर ली है। अगर मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बने तो आरक्षण खत्म हो जाएगा।

आजकल देश के गृह मंत्री अमित शाह का यह फेक वीडियो बहुत चर्चा में है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक गृह मंत्री अमित शाह ने तमिलनाडु की एक चुनाव रैली में कहा कि तीसरी बार केन्द्र में बीजेपी की सरकार आएगी तो जहां जहां असंवैधानिक तौर पर मुस्लिम आरक्षण लागू है, उसे खत्म किया जाएगा। लेकिन उनके वीडियो की शवळींळपस की गई। मुस्लिम' शब्द हटाकर दलित आदिवासी' जोड़ दिया गया। यानि अमित शाह को ये कहते हुए दिखाया गया कि बीजेपी की सरकार आएगी तो असंवैधानिक तौर पर लागू दलित, पिछड़े और आदिवासियों का आरक्षण तुंरत खत्म कर देगी। चूंकि आवाज अमित शाह की थी, एडीटिंग इतनी सफाई से की गई कि किसी भी सुनने वाले को लगेगा कि अमित शाह ने यही कहा कि बीजेपी की सरकार आरक्षण को खत्म करेगी। इस वीडियो को सोशल मीडिया के कई प्लेटफॉर्म्स पर खूब वायरल किया गया। इसके बाद बीजेपी हरकत में आई, पुलिस एक्शन भी हुआ, चुनाव आयोग से शिकायत भी हुई, बड़े-बड़े नेताओं ने कैंपेन के दौरान इसकी हकीकत बताई लेकिन सवाल ये है कि आखिर इस वीडियो का तेलंगाना से क्या कनैक्शन है? चूंकि अमित शाह का ये वीडियो तेलंगाना में कांग्रेस की स्टेट यूनिट के ऑफिशियल हैंडल से द पर पोस्ट किया गया, इसलिए दिल्ली पुलिस की टीम हैदराबाद में कांग्रेस दफ्तर में पहुंची।

तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष भी हैं। इसलिए दिल्ली पुलिस ने रेवंत रेड्डी को पूछताछ के लिए नोटिस भेजा है। रेवंत रेड्डी के अलावा तेलंगाना कांग्रेस के नेता सतीश, नवीन, शिवाशंकर और अस्मा तस्लीम को भी नोटिस भेजा गया है। इन सभी लोगों से अपने मोबाइल और इलेक्ट्रॉनिक गजेटस साथ लाने को कहा गया है। इन पर आईटी एक्ट और सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने और समाज मे विद्वेष फैलाने की कोशिश की धाराओं के तहत केस दर्ज किया गया है। अमित शाह ने गुवाहाटी में एक प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित करते हुए आरोप लगाया कि उनके भाषण का फेल वीडियो बनवाने में कांग्रेस का हाथ है।

इससे पूर्व सोशल मीडिया पर बॉलीवुड एक्टर आमिर खान का एक वीडियो काफी वायरल हुआ जिसमें आमिर खान सभी भारतीयों के बैंक अकाउंट में 15 लाख रुपये आने वाले नरेंद्र मोदी के पुराने बयान की आलोचना कर रहे हैं। इस वीडियो को कांग्रेस के कई समर्थकों ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर शेयर किया है। हालांकि जब वेबसाइट बूम ने इस वीडियो की पड़ताल की तो ये वीडियो डीप फेक पाया गया। दरअसल इस वायरल वीडियो में अलग से नकली ऑडियो जोड़ा गया है।

## महत्त्वपूर्ण

Printed& Published by Devendra Sharma on behalf of owners M/s. New Media Company,6/4 , Ist floor, Cantonment station road, Bengaluru-51and printed at Dinasudar Printing Division, 116, Queens Road, Bengaluru-560052. **Editor-Shreekant Parashar**, (*Responsible for selection of news under PRB Act.) Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any suchmanner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.**RNI No. 58061/93. Regn No.: RNP/KA/BGS/2050/2015-2017 posted at Bengaluru PSO Mysore Road Bengaluru-560 026**

पाठकों से अनुरोध है कि इस प्रकाशन में प्रकाशित किए जाने वाले किसी भी तरह के विज्ञापन (वैवाहिक, वर्गीकृत, टैंड़र एवं सजावटी इत्यादि) पर कोई भी कार्यवाही, प्रतिबद्धता या धनराशि का व्यय करने से पूर्व इन विज्ञापनों के बारे में समस्त जानकारी वह स्वयं प्राप्त कर लें। दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह उत्पादों की गुणवत्ता तथा सेवाओं के लिए विज्ञापनदाताओं द्वारा किए जा रहे किसी प्रकार के दावों के लिए जिम्मेदार नहीं है। अगर विज्ञापनदाता विज्ञापन में किया जा रहा दावा पूरा नहीं करता है तो दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह के संपादक, मुद्रक एवं प्रकाशक या मालिकान को पाठक किसी भी रूप में उत्तरदाई नहीं बना सकता।– दक्षिण भारत राष्ट्रमत

**प्रचार रैली**




झारखंड के हज़ारीबाग़ में राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा बुधवार को भाजपा उम्मीदवार मनीष जायसवाल के पक्ष में एक चुनाव प्रचार रैली में झारखंड भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के साथ।

# कांग्रेस का भारत की राजनीति से होगा सफाया, महात्मा गांधी की कामना होगी पूरी : राजनाथ सिंह

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

नयी दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता एवं रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बृहस्पतिवार को कहा कि देश की जनता इस बार लोकसभा चुनाव में कांग्रेस का सफाया करेगी और आजादी के बाद कांग्रेस को भंग करने की राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की इच्छा को पूरा करेगी। सिंह उत्तर पूर्वी दिल्ली निर्वाचन क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार मनोज तिवारी के नामांकन जुलूस में शामिल होने के बाद लोगों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि तिवारी के नामांकन के लिए एकत्रित विशाल भीड़ से स्पष्ट है कि लोगों ने उन्हें उत्तर पूर्वी दिल्ली निर्वाचन क्षेत्र से फिर से चुनने का मन बना लिया है। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में लोग महात्मा गांधी की दो इच्छाओं को पूरा करने जा रहे हैं, जिनमें एक यह भी है कि भारत दुनिया का एक मजबूत राष्ट्र बने। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश एक नए दृष्टिकोण के साथ आगे बढ़ रहा है। भारत दुनिया का एक मजबूत राष्ट्र बन गया है और इसकी प्रतिष्ठा बढ़ गई है। अब जब भारत अंतरराष्ट्रीय मंचों से बोलता है तो पूरी दुनिया ध्यान से सुनती है। सिंह ने कहा कि महात्मा गांधी की दूसरी इच्छा थी कि स्वतंत्रता के बाद कांग्रेस को भंग कर दिया जाए।



उन्होंने कहा, महात्मा गांधी ने कहा था कि स्वतंत्रता के बाद कांग्रेस को भंग कर देना चाहिए। देश की जनता महात्मा गांधी की इस इच्छा को पूरा करने जा रही है और देश की राजनीति से कांग्रेस का सफाया होने जा रहा है। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के साथ पहुंचे भाजपा उम्मीदवार हर्ष मल्होत्रा ने भी एक जुलूस के बाद अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। धामी ने भी भरोसा जताया कि मल्होत्रा के समर्थन में भारी भीड़ इस बात का संकेत दे रही है कि लोग उन्हें इस सीट से चुनने जा रहे हैं। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कांग्रेस पर हमला बोलते हुए उस पर चुनाव में अल्पसंख्यकों के तुष्टिकरण का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, भाजपा समान नागरिक संहिता की दिशा में आगे बढ़ रही है। उत्तराखंड विधानसभा ने समान नागरिक संहिता पर एक विधेयक पारित किया था और इसे राष्ट्रपति की मंजूरी मिल गई है जबकि कांग्रेस कर्नाटक में मुसलमानों को आरक्षण दे रही है। भाजपा 2014 से लगातार तीसरी बार दिल्ली में सातों लोकसभा सीटों पर जीत दर्ज कर विरोधियों का सफाया करने की कोशिश कर रही है। इन सात सीटों पर पार्टी का मुकाबला 'इंडिया' गठबंधन के आप उम्मीदवारों और कांग्रेस से है। तिवारी दिल्ली से एकमात्र मौजूदा भाजपा सांसद हैं जिन्हें पार्टी ने फिर से मैदान में उतारा है। उनका उत्तर पूर्वी दिल्ली निर्वाचन क्षेत्र में कांग्रेस उम्मीदवार कन्हैया कुमार के साथ सीधा मुकाबला है। मल्होत्रा का मुकाबला आप के कुलदीप कुमार से है।

# भारतीय छात्र-छात्राओं को निकालने के लिए भारत ने रुकवा दिया था रूस यूक्रेन युद्ध : रक्षा मंत्री

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



बदायूं (उप्र)। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बुधवार को दावा किया कि केंद्र की नरेन्द्र मोदी सरकार ने रूस-यूक्रेन युद्ध में फंसे भारतीय छात्र-छात्राओं को सुरक्षित बाहर निकालने के लिए साढ़े चार घंटे के लिए युद्ध रुकवा दिया था। रक्षा मंत्री ने आंवला लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी धर्मेंद्र कश्यप एवं बदायूं से पार्टी उम्मीदवार दुर्विजय सिंह के समर्थन में संयुक्त जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में पिछले 10 वर्षों के दौरान एक नए भारत के उभरने का दावा करते हुए कहा कि जब भारत कुछ कहता है तो पूरी दुनिया ध्यान से सुनती है। रक्षा मंत्री ने दावा किया, रूस-युक्रेन की लड़ाई पिछले दो वर्षों से चल रही है। जब यह लड़ाई शुरू हुई थी तो हमारे हजारों बच्चे यूक्रेन में पढ़ाई कर रहे थे। यूक्रेन में फंसे बच्चों के माता-पिता का एक प्रतिनिधिमंडल प्रधानमंत्री मोदी से मिला और अपने बच्चों को सुरक्षित वापस लाने को कहा।

तब भारत के प्रधानमंत्री ने रूस और यूक्रेन के राष्ट्रपतियों से बात की और साढ़े चार घंटे के लिए युद्ध रुक गया। यह है आज का भारत। राजनाथ सिंह ने कांग्रेस पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए किसी का नाम लिए बगैर कहा, कांग्रेस सरकार में उनके एक प्रधानमंत्री ने स्वीकार किया था कि हम गरीबों को एक रुपया भेजते हैं तो उनके पास 12 पैसे ही पहुंचते हैं। आज प्रधानमंत्री मोदी के शासनकाल में यदि एक रुपया भेजा जाता है तो वह पूरा का पूरा खाते में पहुंचता है। मोदी जी ने जनधन खाते खुलवाकर देश को भ्रष्टाचार से मुक्त किया है।

उन्होंने केंद्र सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि अगले पांच साल के दौरान भाजपा सरकार विकास कार्यों को और भी तेजी से आगे बढ़ाएगी।

सिंह ने कांग्रेस और समाजवादी पार्टी पर हमला करते हुए कहा, सपा खत्म हो रही है। सपा 'समाप्त पार्टी' है। कांग्रेस के बारे में भी 10 साल के बाद पूछेंगे तो डायनासोर की तरह यह भी समाप्त हो जाएगी।



# टीवी कलाकार रुपाली गांगुली और ज्योतिषी अमीय जोशी भाजपा में शामिल

**नयीदिल्ली/एजेन्सी**

घर घर में अनुपमा के नाम से लोकप्रिय एवं सुप्रसिद्ध टीवी कलाकार रुपाली गांगुली और ज्योतिषी अमीय जोशी ने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। पार्टी की सदस्यता ग्रहण करने के पश्चात श्रीमती रुपाली गांगुली और अमीय जोशी ने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा से मुलाकात कर उनका मार्गदर्शन लिया। भाजपा के केंद्रीय कार्यालय में श्रीमती रुपाली गांगुली और अमीय जोशी को भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े, राष्ट्रीय मीडिया प्रमुख अनिल बलूनी और राष्ट्रीय मीडिया सह-प्रमुख डॉ. संजय मयूख ने पार्टी में विधिवत शामिल किया। तावड़े ने दोनों विभूतियों का भाजपा परिवार में स्वागत करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की जनकल्याणकारी नीतियों और विकास कार्यों से प्रभावित होकर आज श्रीमती रुपाली गांगुली और अमीय जोशी ने भाजपा में शामिल होने का निर्णय लिया है। प्रधानमंत्री की विकसित भारत की संकल्पना में श्रीमती गांगुली और जोशी अपना योगदान देने का संकल्प लिया है।

तावड़े ने कांग्रेस की विभाजनकारी मानसिकता पर प्रहार करते हुए कहा कि विपक्ष अपने प्रचार में झूठ से आगे बढ़कर वोट जिहाद तक उतर आया है। कांग्रेस आलाकमान के निर्देशों पर ही ये वोट जिहाद का दुष्प्रचार किया जा रहा है।

एक तरफ कर्नाटक में कांग्रेस सरकार पिछड़े वर्ग का आरक्षण काट कर मुस्लिम समुदाय को दे रही है और दूसरी तरफ कांग्रेस इस प्रकार वोट जिहाद की बात कर लोकसभा चुनाव को बदनाम कर रही है। इस चुनाव में अपनी संभावित हार से कांग्रेस बौखला चुकी है और लोकतंत्र की पवित्रता को ठेस पहुंचा रही है।

भाजपा में शामिल होने के पश्चात अमीय जोशी और श्रीमती रुपाली गांगुली ने प्रधानमंत्री मोदी, भाजपा अध्यक्ष नड्डा और गृहमंत्री अमित शाह

के प्रति अपना आभार व्यक्त किया। श्रीमती रुपाली गांगुली ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के जनकल्याण और विकास के महायज्ञ से प्रभावित होकर, इस महायज्ञ में अपनी आहुति देने के लिए भाजपा का दामन थामा है और विकसित भारत की यात्रा में अपना सहभाग देने का संकल्प लिया। अमीय जोशी ने भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के मार्गदर्शन में देशहित और राष्ट्रनिर्माण में अपना योगदान देने और पार्टी की विचारधारा को जन जन तक पहुंचाने का प्रण लिया।

**उप चुनाव**



कोडरमा संसदीय चुनाव-2024 के लिए कांग्रेस उम्मीदवार विनोद सिंह, गांडेय विधानसभा उपचुनाव के लिए झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम) पार्टी की उम्मीदवार सह झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन मुर्मू के साथ।

# श्रीलंका के राष्ट्रपति चुनाव में विक्रमसिंघे का हो सकता है अपने मंत्रिमंडल सहयोगी से मुकाबला

कोलंबो। राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे अगर इस साल के अंत में प्रस्तावित राष्ट्रपति चुनाव लड़ते हैं तो उनका मुकाबला फिलहाल उनके मंत्रिमंडल में न्याय मंत्री के पद पर आसीन विजयदास राजपक्षे से हो सकता है। पूर्व राष्ट्रपति और श्रीलंका फ्रीडम पार्टी (एसएलएफपी) के अध्यक्ष मैत्रिपाला सिरिसेना ने बुधवार को पत्रकारों को बताया कि राजपक्षे (65) इस साल 15 नवंबर से पहले होने वाले संसदीय चुनाव में पार्टी के उम्मीदवार होंगे। सिरिसेना ने कहा, वह एसएलएफपी की तरफ से सबसे उपयुक्त उम्मीदवार होंगे। विजयदास राजपक्षे पूर्व नेता महिंदा राजपक्षे के करीबी यूनाइटेड पीपुल्स फ्रीडम अलायंस के सदस्यों के एक दल श्रीलंका पोडुजन पेरामुन (एसएलपीपी) के सदस्य हैं।

एसएलपीपी का एक हिस्सा 75 वर्षीय विक्रमसिंघे से जुड़ा है जबकि दूसरा धड़ा नेता प्रतिपक्ष सजित प्रेमदासा के नेतृत्व वाले राजनीतिक गठबंधन समागी जन बलवेगया (एसजेपी) का समर्थन करता है। एसएलपीपी के राजपक्षे के करीबियों द्वारा उम्मीदवार खड़ा किए जाने की संभावना नहीं है क्योंकि पार्टी 2022 में हुए व्यापक विरोध प्रदर्शन के बाद से संघर्ष कर रही है। प्रदर्शनकारियों ने देश के अभूतपूर्व आर्थिक संकट के लिए सत्ता पर काबिज रहे राजपक्षे परिवार को दोषी ठहराया था।

# हुमा कुरैशी ने बताया, आखिर क्या चीज उन्हें नींद से वंचित होने पर खुशी देती है?

**मुंबई/एजेन्सी**

महारानी सीरीज से एक अलग पहचान बनाने वाली एक्ट्रेस हुमा कुरैशी इन दिनों अपने अगले प्रोजेक्ट 'गुलाबी' की शूटिंग में व्यस्त हैं। उन्होंने बताया कि नींद से वंचित होने पर भी उन्हें किस चीज से खुशी मिलती है। 'महारानी' स्टार ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरीज पर एक किताब की दुकान में कदम रखते हुए एक वीडियो शेयर किया। वीडियो देखकर अंदाजा लगाया जा सकता है कि वह हवाईअड्डे पर थी जब उसकी नजर किताबों की दुकान पर पड़ी। वीडियो में उपन्यास



'ज़ेबा: एन एक्सीडेंटल सुपरहीरो' की भी झलक देखी जा सकती है। उन्होंने इसे कैप्शन दिया, नींद चाहे कितनी भी खराब क्यों न हो, इससे मुझे हमेशा खुशी मिलती है।

हुमा ने अपनी आगामी फिल्म 'गुलाबी' की शूटिंग की एक झलक भी शेयर की, जहां वह एक ऑटो-रिक्शा चालक की भूमिका निभाएंगी। शूटिंग एक रेगिस्तानी इलाके में हो रही थी। एक झलक में ऊंटों को भी देखा जा सकता है। एक्ट्रेस ने कैप्शन में लिखा, आज का ऑफिस, गुलाबी। विपुल मेहता द्वारा निर्देशित 'गुलाबी' की बात करें तो यह सच्ची कहानी पर आधारित है। यह एक बहादुर ऑटो-रिक्शा चालक की यात्रा के बारे में बात करती है, जिसने महिलाओं को अपनी नियति को पुनः प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया।

# प्रशांत वर्मा की 'राक्षस' में काम करेगे रणवीर सिंह !

**मुंबई/एजेन्सी**

बॉलीवुड अभिनेता रणवीर सिंह तेलुगु फिल्म हनुमैन के निर्देशक प्रशांत वर्मा की फिल्म राक्षस में काम करते नजर आ सकते हैं। काफी समय से यह खबरें आ रही हैं कि रणवीर सिंह,प्रशांत वर्मा के साथ किसी प्रोजेक्ट में साथ काम करते हुए नजर आ सकते हैं। कहा जा रहा है कि रणवीर सिंह ने फिल्म साइन कर ली है और इस फिल्म का नाम 'राक्षस' होने वाला है।यह फिल्म इंडियन माइथोलॉजिकल होने वाली है, जिसे मैथ्री प्रोड्यूस



कर रहे हैं। बताया जा रहा है कि इस फिल्म की शूटिंग इस साल के लास्ट में शुरू हो सकती है। 'राक्षस' को आजादी से पहले की पौराणिक पृष्ठभूमि पर आधारित एक पीरियड फिल्म बताया जा रही है।

# मेरा धैर्य एक गिफ्ट कार्ड की तरह है : काजोल

**मुंबई/एजेन्सी**

काजोल आए दिन सोशल मीडिया पर अपने निजी जीवन से लेकर कई तरह की पोस्ट करती रहती हैं। सोमवार को अभिनेत्री ने अपने विचार शेयर करते हुए कहा कि उनका धैर्य एक गिफ्ट कार्ड की तरह है और उन्हें निश्चित तौर पर पता नहीं है कि इसमें कितना बचा है। काजोल ने इंस्टाग्राम स्टोरीज पर एक विचार शेयर करते हुए कहा, मेरा धैर्य मूल रूप से एक गिफ्ट कार्ड की तरह है। निश्चित नहीं है कि इसमें कितना बचा है, लेकिन हम इसे आजमा सकते हैं। उन्होंने एक और स्टोरी शेयर की, जिसमें उन्होंने कहा, ''काश लोग 30-सेकंड के ट्रेलर के साथ आते, ताकि मैं देख सकूं कि मैं क्या कर रही हूं। काजोल को पिछली बार 'लस्ट स्टोरीज 2' में देवयानी के रूप में और वेब सीरीज 'द ट्रायल' में नोयोनिका सेनगुप्ता के रूप में देखा गया था। उनकी झोली में 'सरजमीन', 'दो पत्ती' और 'मां' हैं।

## फैंस के साथ शेयर किए कुछ ज्ञान भरे शब्द

'लस्ट स्टोरीज 2' और 'द ट्रायल' में नजर आने वाली बॉलीवुड एक्ट्रेस काजोल ने अपने फैंस के साथ कुछ ज्ञान भरे शब्द शेयर किए हैं। बुधवार को एक्ट्रेस ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी सेक्शन में एक मीम शेयर किया, जिसमें लिखा था, रिलैक्स, हम सभी पागल हैं। यह कोई प्रतियोगिता नहीं है। एक्ट्रेस इंस्टाग्राम पर काफी एक्टिव रहती हैं और अक्सर अनोखे पोस्ट शेयर करती रहती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरीज पर एक मजेदार टेक्स्ट शेयर किया जहां उन्होंने बताया कि कैसे उनका धैर्य खत्म हो रहा है। उन्होंने लिखा, ''मेरा धैर्य मूल रूप से एक गिफ्ट कार्ड की तरह है। निश्चित नहीं है कि इसमें कितना बचा है लेकिन हम इसे आजमा सकते हैं।'' इससे पहले उन्होंने अपनी पिलेट्स क्लास से एक मजेदार तस्वीर भी शेयर की थी। फोटो में एक्ट्रेस एथलेजर और सनग्लासेस पहने पिलेट्स मशीन पर लेटी हुई नजर आ रही थी।





# 'अनटाइटल प्रोजेक्ट' से सुनील शेट्टी का लुक आया सामने

**मुंबई/एजेन्सी**

एक्टर सुनील शेट्टी जल्द ही एक थ्रिलर टाइटल में दिखाई देंगे। इस प्रोजेक्ट से मंगलवार को एक्टर का पहला लुक सामने आया। सुनील वर्तमान में डांस-बेस्ड रियलिटी शो 'डांस दीवाने 4' में बतौर जज नजर आ रहे हैं।

फोटो में, सुनील शेट्टी बर्फीली पहाड़ियों में बैठे नजर आ रहे हैं। उन्होंने कड़कड़ाती ठंड से बचने के लिए वाइट हैवी विंटर सूट पहना हुआ है।

अनटाइटल प्रोजेक्ट एक एक्शन थ्रिलर है, जिसमें एक्टर ने स्टंट खुद किए हैं। सुनील ने इंस्टाग्राम पर भी फर्स्ट लुक शेयर किया और कैप्शन दिया, लायंसगेट इंडिया के साथ अपकमिंग प्रोजेक्ट से यह मेरा लुक है। 'एक्शन' में वापस आने के लिए इंतजार नहीं कर सकता। इस प्रोजेक्ट के लिए एक्टर ने लायंसगेट के साथ साझेदारी की है। इसी बीच, उनके पास 'वेलकम टू द जंगल' और 'हेरा फेरी 3' भी पाइपलाइन में हैं।

# तृप्ति मिश्रा ने पुनर्जन्म पर जताया विश्वास

**मुंबई/एजेन्सी**

शो 'कयामत से कयामत तक' में पूर्णिमा का किरदार निभाने वाली एक्ट्रेस तृप्ति मिश्रा ने पुनर्जन्म की अवधारणा में अपना विश्वास व्यक्त करते हुए टाइटल के पीछे के गहरे अर्थ को समझाया। तृप्ति का कहना है कि स्टोरी और टाइटल दोनों ही बेहद गहरे अर्थ रखते हैं। उन्होंने कहा कि यह शो बाकी सभी चीजों से बहुत अलग है, जो आज दिखाया जा रहा है। उन्होंने कहा, ''हमारे शो के टाइटल का अर्थ बेहद गहरा है। सच कहूं तो, यह एक अनोखी कहानी है और मैं पुनर्जन्म में विश्वास करती हूं। यह मेरे लिए बहुत रोमांचक है, और मैं इस प्वांइट पर सहमत हूं। जिस चीज पर आप विश्वास करते हैं, उस पर काम करने और जिस चीज पर आप विश्वास नहीं करते, उस पर काम करने में अंतर होता है।'' डबल रोल करने को लेकर तृप्ति ने कहा, मेरे लिए



सबसे दिलचस्प बात यह थी कि मैं दो विपरीत किरदार निभा रही हूं, जो बहुत सख्त और बहुत शांत है, फिर भी बहुत मजबूत, बहुत स्वतंत्र, निडर और शक्तिशाली है। मुझे पूर्णिमा का रवैया पसंद आया। उन्होंने आगे बताया कि यह अन्य शो से अलग है क्योंकि पुनर्जन्म की कहानियां बदले और नफरत पर आधारित हैं, लेकिन यह एक प्रेम कहानी है। शो में करम राजपाल मुख्य भूमिका में हैं। 'कयामत से कयामत तक' कलर्स पर प्रसारित होता है।

RNI No. 58061/93. Regn No.:
RNP/KA/BGS/2050/2018-2020
Posted at Bengaluru PSO
Mysore Road Bengaluru-560 026.

जीतो हुब्बल्ली चैप्टर के तत्वावधान में जेबीएन लांच व जीतो इनोवेशन इनक्युबेशन फाउंडेशन(जेआईआईएफ) का ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।



# प्रधानमंत्री को प्रज्ज्वल के 'अपराध' की जानकारी थी, फिर भी लोगों से मत देने की अपील की : कांग्रेस

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। कांग्रेस ने बुधवार को आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को सहयोगी जनता दल सेक्युलर के हासन से सांसद प्रज्ज्वल रेवन्ना द्वारा कई महिलाओं के कथित यौन उत्पीड़न के अपराध की जानकारी थी इसके बावजूद उन्होंने मतदाताओं ने उनके पक्ष में मतदान करने की अपील की। कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने यहां आयोजित संवाददाता सम्मेलन में प्रधानमंत्री मोदी पर तीखा हमला करते हुए कहा, 'उन्होंने(मोदी) न केवल उनकी (प्रज्ज्वल) प्रशंसा की बल्कि 14 अप्रैल को उनके पक्ष में मतदान करने की भी अपील की।'

जद (एस) प्रमुख और पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा के पोते और पूर्व मंत्री और वर्तमान विधायक एचडी रेवन्ना के बेटे 33 वर्षीय प्रज्ज्वल रेवन्ना पर परिवार की एक घरेलू सहायिका ने यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया है। जद(एस) पिछले साल सितंबर में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग)में शामिल हुआ था।

प्रज्ज्वल रेवन्ना हासन लोकसभा क्षेत्र से राजग के उम्मीदवार हैं, जहां पर 26 अप्रैल को मतदान हुआ था। हाल के दिनों में करीब 3,000 वीडियो क्लिप वायरल हुए हैं जिनमें कथित तौर पर प्रज्ज्वल कई महिलाओं का यौन शोषण करते नजर आ रहे हैं। प्रज्ज्वल ने अपने सोशल मीडिया प्रोफाइल में परिचय के साथ मोदी का परिवार' लिखा है। इसे इंगित करते हुए कांग्रेस प्रवक्ता श्रीनेत ने आरोप लगाया, ''...उन्होंने (प्रज्ज्वल) जो किया है वह बहुत ही चौंकाने वाला है। यह इस हद तक चौंकाने वाला है कि मैं यह सोचने पर मजबूर हो गयी कि क्या यह किसी कल्पना आधारित फिल्म का हिस्सा है या यह सच है? एक नहीं, दो नहीं बल्कि लगभग 3,000 वीडियो और कई महिलाओं के साथ यौन उत्पीड़न और बलात्कार किया गया है। यह कोई सेक्स स्कैंडल नहीं है। यह इस देश के इतिहास का सबसे बड़ा बलात्कार कांड है।'' उन्होंने कहा, ''वह न केवल उम्मीदवार हैं बल्कि वह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पसंदीदा'हैं। मोदी ने 14 अप्रैल को मैसूरु में उनके पक्ष में मतदान करने की अपील की।'

# जद (एस), भाजपा नेता महिलाओं का सम्मान करते हैं तो उन्हें पीड़िताओं से मिलने जाना चाहिए : शिवकुमार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

यादगीर। राज्य के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने बुधवार को कहा कि जनता दल (सेक्युलर) नेता एच. डी. कुमारस्वामी और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेताओं के मन में अगर महिलाओं के प्रति कोई सम्मान है तो उन्हें हासन यौन शोषण मामले की पीड़िताओं से मिलना चाहिए। प्रज्ज्वल (33) और उनके पिता एच. डी. रेवन्ना पर परिवार की एक घरेलू सहायिका ने यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया है। प्रज्ज्वल जद (एस) प्रमुख और पूर्व प्रधानमंत्री एच डी देवेगौड़ा के पोते हैं।



शिवकुमार ने यहां संवाददाताओं से कहा, ''कुमारस्वामी और भाजपा नेता महिलाओं के बारे में बहुत बातें करते हैं। यदि उनके मन में महिलाओं के प्रति सचमुच कोई सम्मान है, तो उन्हें पीड़िताओं से मुलाकात करके उनके प्रति एकजुटता व्यक्त करनी चाहिए।'' पेन ड्राइव की घटना के पीछे एक 'महानायक' के होने संबंधी कुमारस्वामी के बयान पर उन्होंने कहा, ''हमारी पार्टी के प्रवक्ताओं ने इस बारे में विस्तार से बात की है कि देवराजे गौड़ा ने पेन ड्राइव के संबंध में किससे मुलाकात की थी। इस संबंध में देवराजे गौड़ा ने भाजपा नेताओं को पत्र लिखने के अलावा कुमारस्वामी से भी मुलाकात की थी।''

उपमुख्यमंत्री ने कहा, ''हमें ऐसी ओछी राजनीति का सहारा लेने की कोई जरूरत नहीं है। मैं इस बारे में बाद में बोलूंगा।'' कई वीडियो प्रसारित होने के बाद, प्रज्ज्वल रेवन्ना से जुड़े कथित सेक्स स्कैंडल की जांच के लिए कर्नाटक सरकार ने विशेष जांच टीम (एसआईटी) गठित की है। बताया जाता है कि 26 अप्रैल को कर्नाटक में लोकसभा चुनाव के पहले चरण के बाद प्रज्ज्वल विदेश चले गए। प्रज्ज्वल रेवन्ना हासन लोकसभा क्षेत्र से भाजपा-जद (एस) गठबंधन के उम्मीदवार हैं, जहां शुक्रवार को मतदान हुआ था। प्रज्ज्वल द्वारा कई महिलाओं का यौन शोषण करने के संबंध में हाल के दिनों में हासन में करीब 3,000 वीडियो क्लिप सामने आई। प्रज्ज्वल के बड़े भाई और विधान परिषद सदस्य सूरज रेवन्ना ने क्या उनसे मुलाकात की थी, यह पूछे जाने पर शिवकुमार ने कहा, ''हां, वह (सूरज) मुझसे मिले थे।

## सिद्दरामैया का प्रधानमंत्री से अनुरोध

# प्रज्ज्वल रेवन्ना का राजनयिक पासपोर्ट तुरंत रद्द किया जाए

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दरामैया ने बुधवार को कहा कि कई महिलाओं का यौन उत्पीड़न करने के आरोपों का सामना कर रहे सांसद प्रज्ज्वल रेवन्ना ने विदेश जाने के लिए राजनयिक पासपोर्ट का इस्तेमाल किया था और उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से इसे निरस्त करने के लिए त्वरित कार्रवाई करने का अनुरोध किया। मोदी को लिखे एक पत्र में उन्होंने अन्य कदम उठाने के लिए भी कहा जैसे कि भारत सरकार के राजनयिक और पुलिस चैनलों के साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय पुलिस एजेंसियों का उपयोग करके फरार' संसद सदस्य की शीघ्र वापसी सुनिश्चित करना ताकि उन्हें कानून के कठघरे में खड़ा किया जा सके।

सिद्दरामैया ने कहा, ''कई रिपोर्ट के अनुसार, पुलिस मामले और गिरफ्तारी को भांपकर आरोपी सांसद और लोकसभा चुनाव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के उम्मीदवार प्रज्ज्वल रेवन्ना 27 अप्रैल को ही देश छोड़कर विदेश यात्रा पर चले गए। खबरों से पता चला है कि वह अपने राजनयिक पासपोर्ट के दम पर विदेश यात्रा कर रहे हैं।''



# जीतो साउथ महिलाओं ने महिला रेफरल ग्रुप बनाया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। जीतो बेंगलूरु साउथ चैप्टर द्वारा राष्ट्रीय योजना 'जीतो बिज़नेस नेटवर्क' के अंतर्गत महिला उद्यमी के लिए महिला विंग की अध्यक्ष सुनीता गाँधी के नेतृत्व में चामराजपेट स्थित जीतो कार्यालय में एक रेफरल ग्रुप बनाया गया। रेफरल ग्रुप के राष्ट्रीय संयोजक मनोज कोचर ने मेंटरिंग, मिलाप, जून में नागपुर में होने वाले जेबीएन महाकुम्भ की जानकारी दी। उन्होंने वी-कनेक्ट की सुष्मिता सेठिया ने जेबीएन के अनुभव बताया एवं 30 सेकण्ड् में अपने बिज़नेस को प्रस्तुत करना भी सिखाया। सहसंयोजिका रेखा जैन ने नीलम सांड और लताशा भंडारी के साथ संचालन किया और महिलाओं का प्रोत्साहन बढ़ाया। जीतो जेबीएन एसएसबी के अंतर्गत होने वाले कार्यक्रम के बारे में जानकारी दी। बैठक में धार्मिक क्लास, नेल आर्टिस्ट, इमोशनल काउन्सलर और बड़ ब्रांड के सोशल मीडिया को सम्भालने वाली महिलाएं भी ग्रुप में जुड़ गई है। इस कार्यक्रम में जीतो साउथ के चेयरमैन दिनेश बोहरा, मंत्री दीपक श्रीश्रीमाल, जीतो साउथ के जेबीएन संयोजक विक्रम बागरेचा और सहसंयोजक राजेश भंसाली ने शुभकामनाएं दी। महिला विंग की मंत्री मोनिका पिरगल ने कार्यक्रम का संचालन किया व बिज़नेस और कॉर्पोरेट का अनुभव साझा किया। जेएलडब्ल्यू दक्षिण समिति के सदस्य नीलम सांड, नंदा मेहता, निशा जियानी भी उपस्थित थे।



# गौरक्षा एवं पालन हेतु 'मातृछाया' ने कराया विशाल शेड का निर्माण

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर की 'मातृछाया' जैन महिला संगठन द्वारा जीवों को अभयदान देने के लिए कत्लखानों में जाने वाली गाय, भैंस एवं अन्य पशुओं को जीवनदान देने और उनके पालन पोषण तथा स्थायी निवास की व्यवस्था के लिए चिकबल्लापुर के शिलदघट्टा तालुक के रामसमुद्रा बांध के पास देवगानहल्ली ग्राम में विश्व प्राणी कल्याण मंडल द्वारा गौतीर्थ श्री भगवान महावीर जीव रक्षा धाम में विशाल शेड का निर्माण किया। मंडल के संस्थापक दयानंदस्वामी ने बताया कि मातृछाया ने परिसर में 4500 वर्ग फीट का विशाल शेड का निर्माण कराया है।

इस शेड के अवलोकनार्थ संगठन की पदाधिकारीगण गौतीर्थ पहुंचे। दयानंदस्वामी ने सभी का स्वागत करते हुए 'मातृछाया' जैन महिला संगठन का गौ रक्षा में योगदान एवं शेड निर्माण हेतु धन्यवाद दिया।

संगठन की मार्गदर्शिका त्रिशला कोठारी ने भारत की उन्नति के लिए गौरक्षा आवश्यक बताते हुए पूरे भारत में कत्लखानों एवं पशु वध पर रोक लगाने की आवश्यकता जताई। संगठन की अध्यक्ष ललिता पी. नागोरी ने सहयोगियों का आभार प्रकट करते हुए कहा कि जून माह में इस शेड का उद्घाटन व्यापक स्तर पर किया जाएगा।



# आचार्य जयंतसेनसूरी की सातवीं पुण्यतिथि पर हुए धार्मिक व जीवदया कार्य

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। अखिल भारतीय राजेन्द्र जैन नवयुवक एवं महिला परिषद शाखा बेंगलूरु के तत्वावधान व मुनिसुव्रत राजेन्द्रमंदिर एवेन्यू रोड के प्रांगण में आचार्य जयंतसेनसूरीश्वरजी की 7वीं पुण्यतिथि पर प्रातः मंदिर में महिला परिषद द्वारा जयंतसेन अष्टप्रकारी पूजा पूरे विधि विधान व संगीतमय धुन के साथ पढ़ाई गई। शहर के कई मंदिरों मे परमात्मा की सुंदर अंगरचना की गई। रात्रि में मंदिर में फूलों की सजावट की व आचार्य जयंतसेनसूरी की भव्य महाआरती की गई जिसका लाभ प्रकाशकुमार माणिकचंद बॉलर परिवार द्वारा लिया गया व आचार्यश्री के फोटो पर पुष्पमाला का लाभ सुख शांति परिवार ने लिया ।इस अवसर पर महिला परिषद की राष्ट्रीय अध्यक्षा प्रेमा गाँधीमुथा ने सभी का स्वागत किया। परिषद द्वारा नेलमंगला स्थित बुद्धिहाल में श्री चंद्रप्रभस्वामी जैन गौशाला मे मूक पशुओं को हरी घास खिलाई गई। आचार्यश्री की पुण्य स्मृति में गौशाला में घास डालने की ट्राली भेंट की गई। इस अवसर पर राजाजीनगर स्थित राज राजेन्द्र जयंतसेन आशादेवी मिलापचन्द चौधरी चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा एक हजार लोगों को जयन्त प्रसादी का वितरण किया गया। यह जानकारी दक्षिण प्रांतीय महामंत्री डूंगरमल चौपड़ा ने दी।

# मोदी ने राजनीतिक लाभ के लिए की 'मंगलसूत्र' संबंधी टिप्पणी : सिद्दरामैया

बेलगावी। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दरामैया ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हालिया दावे को खारिज करते हुए, जिसमें उन्होंने आरोप लगाया था कि अगर कांग्रेस सत्ता में आयी तो महिलाओं का मंगलसूत्र छीन लिया जायेगा, इसे वोट हासिल करने के उद्देश्य से राजनीति से प्रेरित मनगढ़ंत कहानी करार दिया। सिद्दरामैया ने बुधवार को यहां संवाददाताओं से बातचीत में मोदी के दावों का खंडन किया और कहा कि दशकों लंबे कांग्रेस शासन के दौरान ऐसी कोई मिसाल नहीं है, जब महिलाओं के खिलाफ ऐसी कार्रवाई की गयी हो। उन्होंने मोदी के कार्यकाल के दौरान अधूरे वादों और अधूरी प्रतिबद्धताओं का हवाला देते हुए उनकी ईमानदारी पर सवाल उठाया। उन्होंने प्रधानमंत्री जैसे जिम्मेदार पद पर रहते हुए मोदी के इस तरह के बयान देने पर निराशा व्यक्त करते हुए कहा, कांग्रेस पार्टी ने पांच दशकों तक देश पर शासन किया। उन्होंने कभी भी महिलाओं के मंगलसूत्र छीनने का सहारा नहीं लिया। प्रधानमंत्री मोदी इस तरह के झूठ का सहारा क्यों ले रहे हैं? मोदी की ओर से कर्नाटक सरकार की आलोचना के संबंध में पूछे जाने पर मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री पर धोखाधड़ी का आरोप लगाया तथा ऐसे उदाहरणों की ओर इशारा किया, जहां केंद्र सरकार राज्य के विभिन्न मामलों में कार्रवाई करने में विफल रही।

सिद्दरामैया ने मोदी के दावों में विसंगतियों पर प्रकाश डालते हुए कहा, मणिपुर में हिंसा के संबंध में केंद्र सरकार ने क्या कदम उठाये हैं? अल्पसंख्यकों को 30 साल तक आरक्षण देने का वादा किया गया है।



# जीतो हुब्बल्ली में जेबीएन लांच हुआ, जेआईआईएफ पर हुई चर्चा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

हुब्बल्ली। जीतो हुब्बल्ली चैप्टर के तत्वावधान में जेबीएन लांच व जीतो इनोवेशन इनक्युबेशन फाउंडेशन(जेआईआईएफ) का ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस मौके पर जेआईआईएफ के लिए एपेक्स के चेयरमैन रजत मेहता, राष्ट्रीय संयोजक भारत ओसवाल, केकेजी के संयोजक विकास गुलेचा, जेबीएन के तुषार बाफना, केकेजी जोन के तुषार बाफना, एपेक्स रेफरल ग्रुप के संयोजक मनोज कोचर ने जेबीएन के लाभ और महत्व पर प्रकाश डाला।

उन्होंने जेआईआईएफ के इनक्युबेशन सेन्टर, जीतो एंजेल नेटवर व जीतो शार्क एन्जल पर व्यावहारिक चर्चा की। उन्होंने द्वितीयक बाजार, आईपीओ और उद्यम पूंजी जैसे विभिन्न परिसंपत्ति वर्गों में निवेश के लिए पोर्टफोलियो-आधारित दृष्टिकोण के महत्व पर जोर दिया। मेहता ने स्टार्टअप और एंजल इन्वेस्टिंग के बारे में बताय।

इस मौके पर संस्था के अध्यक्ष अनिलकुमार जैन, शरद मोमाया, भरत पटवारी, प्रकाश कोठारी, प्रवीण चौधरी, कुणाल शाह, मनीष जैन, सहसंयोजक राकेश जैन, रमेश जैन, मनीष जैन, राजन जैन, धमेंद्र जैन, आशीष नाहटा आदि उपस्थित थे।



# जीतो नार्थ महिलाओं ने शारीरिक अभ्यास से पाई गर्मी व तनाव से राहत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। जीतो चैप्टर बेंगलूरु नॉर्थ के अंतर्गत जीतो लेडीज विंग द्वारा स्पोर्ट्स के अंतर्गत गर्मी एवं तनाव से निजात पाने हेतु शेषाद्रिपुरम स्थित ग्लोबल स्विमिंग एसोसिएशन में 'स्प्लैश टू फ़िटनेस-स्मैश यूअर स्ट्रेस'का आयोजन अध्यक्ष बिन्दु रायसोनी के नेतृत्व में आयोजित किया गया। इस मौके पर युवा फ़िटनेस विशेषज्ञ एवं कोरियोग्राफ़र भाविका जैन ने शरीरिक अभ्यास करवाएं तथा जुम्बा अभ्यास के लाभ बताए। उन्होंने प्रतिभागियों को स्विमिंग पुल में फिटनेस वर्कआउट और ज़ुम्बा संगीत पर नृत्य कराया। कार्यक्रम के प्रारंभ में ग्लोबल स्विमिंग पुल के मालिक अनिल, बेंगलूरु नार्थ जेएलडब्ल्यू के संयोजक कमल पुनमिया ने लेडीज विंग की सक्रीयता की सराहना की। प्रशिक्षक भाविका जैन का परिचय उपाध्यक्ष एवं संयोजिका रेश्मा पुनमिया ने दिया एवं संचालन सह-संयोजिका विजेता जैन ने किया। अध्यक्ष बिन्दु रायसोनी ने स्वागत किया। कार्यक्रम प्रायोजक रेश्मा पुनमिया का सम्मान किया गया। इस मौके पर नितीन कटारिया, लेडीज विंग मेंटर सरिता खिंवेसरा, उपाध्यक्ष लक्ष्मी बाफ़ना, नीता गादिया, मनीषा डोशी, संगीता नागोरी, संगीता मुथा उपस्थित थे। महामंत्री सुमन वेदमुथा ने धन्यवाद दिया।



# 'नारी सम्मान की अधिकारी है, न कि प्रदर्शन की'

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जमखंडी। स्थानीय धर्मनाथ जैन श्वेताम्बर संघ में पहुंचे आचार्यश्री महेन्द्रसागरसूरीश्वरजी ने कहा कि आज अधिकांश भारतवासियों ने अपनी सभ्यता एवं संस्कृति को भूल कर पाश्चात्त्य सभ्यता एवं संस्कृति को अपनाया है। अब साधु संत प्रवचनों में या पत्र पत्रिकाओं में कितना भी सभ्यता व संस्कृति के लिए अच्छा बोलें तो भी नई पीढ़ी पर कोई अंतर नहीं आ रहा। आज नई पीढ़ी राह से भटक रही है । संतश्री ने कहा कि जहां नारी की पूजा होती है वहां देवताओं का वास होता है। हमें भी नारी का सम्मान करना चाहिए और नारी को भौतिक प्रदर्शन की वस्तु नहीं बनाना चाहिए। नारी सम्मान की अधिकारी है, न की प्रदर्शन की। जीवन की पवित्रता व प्रगति के लिए सदाचार और सत्य का अनुशरण आवश्यक है। पतनकारी चीजों से बचा रहना ही श्रेयस्कर है।



# 'स्वयं को बदलने से ही जीवन में बदलाव संभव'

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

मैसूरु। आचार्य प्रसन्नसागरजी आदि संतों ने मैसूरु प्रवास पूर्ण कर बेंगलरु की ओर विहार किया। मुनिश्री विहार कर श्रीरंगपट्टन स्थित 1000 वर्ष प्राचीन श्री आदिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर पहुँचे। वहाँ भगवान आदिनाथ का पंचामृत अभिषेक, वृहत् शांतिधारा सम्पन्न की। इस अवसर पर धर्मसभा को संबोधित करते हुए आचार्यश्री प्रसन्नसागरजी ने कहा कि जब तक तुम न बदलो, तुम्हारा अंतस् न बदले, जब तक तुम्हारी आंतरिक क्रियाएँ, आंतरिक विचार, भीतर की रसायन विद्या न बदले, तुम्हारे भीतर का अहंकार न बदले, तब तक कुछ भी न होगा। आत्मनिंदा, स्वयं में स्वयं की निंदा, खुद की निंदा करना सीखो, तो जीवन में समता उतर आएगी और एक नये जीवन का आविर्भाव होगा। उपाध्यायमुनि पीयूष सागरजी ने तीर्थंकरों की पूजा कराई। प्रवर्तक डॉ मुनि सहजसागरजी ने आचार्य अमितगति विरचित सामायिक पाठ कराया ।

# वस्त्रों में संस्कारों और परिवार की झलक होती है : साध्वी सुशीलाकंवर

बेंगलूरु/दक्षिण भारत । श्वेतांबर स्थानकवासी जैन श्रावक संघ अलसूर के तत्वावधान में महावीर भवन में आयोजित प्रवचन में साध्वीश्री सुशीलाकंवरजी ने कहा कि हमारे वस्त्र मर्यादा पूर्ण होने चाहिए। वस्त्र हमारी पहचान और परिचय होते हैं। वस्त्रों में संस्कारों और परिवार की झलक होती हैं। हमारे वस्त्रों से विकार वृद्धि नहीं होनी चाहिए। मन संतुलित रहने से वस्त्र सात्विक वस्त्र होते हैं। सात्विक भोजन से सात्विक विचार आते हैं। अपनी संस्कृति बहुत महान हैं और प्रत्येक व्यवस्था में हमारी सुरक्षा का ध्यान रखा गया है। संस्कृति से भटकने के कारण ही आज



सामाजिक व्यवस्था चिंतनीय हो गई है। साध्वीश्री जयश्रीजी ने कहा कि परिवार में सामंजस्य और संवाद का बहुत महत्व है। किसी भी कारण से आपस का संपर्क टूटना नहीं चाहिए। प्रेम की आंख से देखेंगे तो प्रीति की वृद्धि होगी। प्रीति से क्रोध का नाश होता है। सभा का संचालन करते हुए अलसूर संघ के मंत्री अभयकुमार बांठिया ने साध्वीश्री सुशीलाकंवरजी के संयम जीवन के 50 वें वर्ष के संदर्भ में जिनशासन में उनके योगदान की सराहना करते हुए दीर्घायु की कामना की। संघ अध्यक्ष नेमीचन्द चोरडिया ने आगंतुकों का स्वागत किया।

Printed& Published by Devendra Sharma on behalf of owners M/s. New Media Company, 6/4 , Ist floor, Cantonment station road, Bengaluru-51 and printed at Dinasudar Printing Division, 116, Queens Road, Bengaluru-560052. **Editor-Shreekant Parashar**,
(*Responsible for selection of news under PRB Act.) Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any such manner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.
HEAD OFFICE : DAKSHIN BHARAT RASHTRAMAT, New Media Company, 6/4, Cantonment Station Road, Bangalore 560051. Editorial : 080-25363030 / 9945488003. For Advertisement : 9945488002 - email : news@dakshinbharat.com